RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 120 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, सोमवार 14 फरवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-








# धरती पर नजर रखने वाला उपग्रह सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में स्थापित

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** 25:30 घंटे की उल्टी गिनती के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने इस साल के पहले प्रक्षेपण मिशन को सोमवार को लॉन्च कर दिया। सोमवार तड़के जैसे ही सुबह के 5:59 मिनट हुए, इसरो ने सैटेलाइट ईओएस-04 का प्रक्षेपण किया। यह प्रक्षेपण आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से पीएसएलवी-सी52 के जरिये हुआ। इसके साथ ही दो अन्य छोटे सैटेलाइट भी अंतरिक्ष में भेजे गए हैं। इस मिशन की सफलतापूर्वक प्रक्षेपण के बाद सभी ने ताली बजाकर इसका स्वागत भी किया।

### रडार इमेजिंग EOS-04 के साथ दो सैटेलाइट लांच

इस मिशन के तहत रडार इमेजिंग श्वह्रस्-04 को अंतरिक्ष में भेजा गया है। 1,710 किलो वजनी ईओएस-04, अंतरिक्ष में 529 किलोमीटर के सूर्य समकालिक ध्रुवीय कक्षा में चक्कर लगाएगा। इसरो ने बताया कि ईओएस-04 राडार इमेजिंग सैटेलाइट है। इसका इस्तेमाल पृथ्वी की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें लेने में होगा। इनसे कृषि, वानिकी, पौधरोपण, मिट्टी में नमी, पानी उपलब्धता और बाढ़ ग्रस्त इलाकों के नक्शा को तैयार करने में



मदद मिलेगी। इसके अलावा दो अन्य सैटेलाइट को भी अंतरिक्ष में भेजा गया है।

### पीएसएलवी की 54वीं उड़ान

यह पीएसएलवी की 54वीं उड़ान है और 6 पीएसओएस-एक्सएल (स्ट्रैप-ऑन मोटर्स) के साथ पीएसएलवी-एक्सएल कॉन्फिगरेशन का इस्तेमाल करते हुए 23वां मिशन है। इसरो ने बताया कि भारत के ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी52 ने आज सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से 06:17 बजे पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-04 को 529 किमी ऊंचाई पर की एक इच्छित सूर्य-तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में इंजेक्ट किया।

### यह दो उपग्रह भी साथ भेजे गए

***इंस्पायर सेट-1:*** यह उपग्रह भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान तकनीक संस्थान ने कोलोराडो विश्विद्यालय के अंतरिक्ष भौतिक शास्त्र व वायुमंडलीय प्रयोगशाला के साथ तैयार किया है।

***आईएनएस-2टीडी :*** साथ प्रक्षेपित होने वाला यह दूसरा उपग्रह इसरो का ही है। इसे भारत व भूटान के संयुक्त उपग्रह आईएनएस-2वी के पहले विकसित कर भेजा गया है।

किराये से देना है
15x20 डबल स्टोरी
दुकान किराये से देना है।
संपर्क :- 99933-16015
किराया - 8000 से 10000 मात्र
हाइवे पेट्रोल पंप के सामने
दुर्गा मंदिर के बाजू में
जनता मार्केट, पावर हाउस, भिलाई




# विवाद के बीच खुले स्कूल, हाईकोर्ट की रोक के बावजूद हिजाब में दिखीं छात्राएं

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** कर्नाटक में हिजाब विवाद के बीच कक्षा 10वीं तक के लिए हाई स्कूल सोमवार, 14 फरवरी को फिर से खुल गए हैं। सोमवार सुबह कई शहरों में छात्र-छात्राएं यूनिफॉर्म पहनकर स्कूल जाते नजर आए। हालांकि, हाईकोर्ट की रोक के बावजूद उडुपी में कई स्कूल छात्राएं हिजाब और बुर्का पहनकर स्कूल जाती दिखीं।



उधर, सावधानी बरतते हुए रविवार को ही उडुपी जिला प्रशासन ने सभी हाई स्कूल, और उनके आसपास के क्षेत्रों में धारा-144 लागू कर दी थी। यह आदेश 14 फरवरी को सुबह छह बजे से 19 फरवरी की शाम छह बजे तक प्रभावी रहेगा। सरकार और जिला प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुरक्षा बंदोबस्त किए गए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने राज्य में शांति व्यवस्था कायम रहने की उम्मीद जताई है।

यह कदम एहतियात के तौर पर उठाया गया है, क्योंकि राज्य में हिजाब बनाम भगवा गमछे का विवाद सियासी और धार्मिक रंग लेता जा रहा था। इससे पहले राज्य सरकार ने स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया हुआ था। घोषित छुट्टियां के पूरी होने के बाद अब सोमवार को स्कूल फिर से खुल गए हैं।

### शांति समिति की बैठकें करने के निर्देश : सीएम

उधर, हुबली में कर्नाटक के सीएम बसवराज बोम्मई ने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य में सोमवार से 10वीं तक के स्कूल खुलेंगे। मैंने डीसी, एसपी और स्कूल प्रशासन को शांति समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, उच्च कक्षाओं और डिग्री कॉलेजों के स्कूल स्थिति की समीक्षा के बाद फिर से खोले जाएंगे।

# यूक्रेन संकटः फ्लाइट्स सस्पेंड, देश छोड़ रहे लोग, भारत पर भी दिखा असर

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन में अमेरिका और रूस के बीच भले ही युद्ध को टालने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन हालात लगातार तनावपूर्ण बने हुए हैं। एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का कहना है कि यदि रूस किसी भी तरह का अतिक्रमण यूक्रेन में करता है तो अमेरिका और उसके सहयोगी नाटो हस्तक्षेप करेंगे। दूसरी तरफ रूसी सेनाओं का जमावड़ा लगातार यूक्रेन की सीमा पर बना हुआ है और सैनिक पीछे नहीं हटाए जा रहे हैं। उम्मीद की एक किरण जर्मनी के चांसलर ओलाफशोल्ज ने दिखाई है, जो सोमवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंच रहे हैं। वह तनाव को कम करने का प्रयास करने के लिए दौरे पर होंगे।

फिर भी ऐसे तमाम प्रयास अब तक नाकाफी ही दिख रहे हैं। दुनिया की कई एयरलाइन कंपनियों ने यूक्रेन के एयरस्पेस का इस्तेमाल करना बंद कर दिया है। इसके अलावा कई देशों ने अपने दूतावासों से गैर-जरूरी स्टाफ को वापस बुलाना शुरू कर दिया है। अमेरिका समेत कई देशों ने अपने नागरिकों से यूक्रेन छोड़कर निकलने की अपील की है।

### भारत में भी दिखा असर, स्टॉक मार्केट में बड़ी गिरावट

यूक्रेन संकट का असर भारत पर भी देखने को मिल रहा है। सुबह ही स्टॉक मार्केट में बड़ी गिरावट दिख रही है। बीएसई सेंसेक्स में 1,100 अंकों की गिरावट शुरुआती कारोबार में ही दर्ज की गई है। यही नहीं रुपये और धातुओं में भी गिरावट का दौर जारी है। माना जा रहा है कि यूक्रेन संकट के चलते ही बाजार में बिकवाली का दौर शुरू हुआ है। भारत ही नहीं बल्कि अमेरिका, जापान समेत कई देशों के शेयर बाजारों में इसका असर दिख रहा है।

## खास-खबर

### सर्जिकल स्ट्राइक पर फिर मांगा सबूतः अब तेलंगाना के सीएम चंद्रशेखर बोले- मैं आज भी सबूत मांग रहा हूं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर हुई सर्जिकल स्ट्राइक का मुद्दा एक बार फिर गर्म हो गया है। अब तेलंगाना के मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव ने केंद्र सरकार से सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांगा है। सोमवार को मीडिया से बात करते हुए सीएम ने कहा कि मैं आज भी सर्जिकल स्ट्राइक का सबूत मांग रहा हूं। सरकार को सबूत पेश करने दो। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठा प्रचार करती है।

चंद्रशेखर राव ने कहा कि सेना सीमा पर लड़ रही है। कोई मर रहा है, तो वह सेना के जवान हैं। उन्हें इसका श्रेय देना चाहिए, लेकिन भाजपा राजनीतिक रूप से सर्जिकल स्ट्राइक का उपयोग कर रही है। राव की टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इस मुद्दे पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के साथ उनका विवाद चल रहा है।

हिमंता बिस्वा ने शुक्रवार को सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर राहुल गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि जनरल बिपिन रावत देश का गौरव थे। उनके नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। आज राहुल गांधी सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं। क्या हमने आज तक सबूत मांगा है कि राहुल गांधी राजीव गांधी के ही बेटे हैं। उनको मेरे देश की सेना से सबूत मांगने का अधिकार किसने दिया। इस टिप्पणी के बाद चंद्रशेखर राव ने पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से बिस्वा को बर्खास्त करने की मांग की थी।

केसीआर की टिप्पणी के बाद असम के सीएम सरमा ने पलटवार किया था। उन्होंने कहा था कि यह टिप्पणी उनकी मानसिकता को दर्शाती है। कहा था कि, सेना से सवाल करना सबसे बड़ा अपराध है। वह मेरी टिप्पणी से भड़क गए, लेकिन राहुल गांधी के बयान से नहीं। इसमें, उनकी मानसिकता झलकती है।

# धर्मांतरण केसः सीबीआई जांच को इज्जत का सवाल न बनाए तमिलनाडु सरकार, एससी ने लगाई फटकार

**चेन्नै (एजेंसी)।** तमिलनाडु में धर्मांतरण केस में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए प्रदेश सरकार को फटकार लगाई है। अदालत ने तंजावुर की 12वीं में पढ़ने वाली लड़की की आत्महत्या के मामले की सीबीआई जांच के खिलाफ दायर अर्जी को खारिज कर दिया। मद्रास हाई कोर्ट ने इस मामले में सीबीआई जांच का आदेश दिया था, जिसे तमिलनाडु पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। अदालत ने कहा कि प्रदेश सरकार को हाई कोर्ट के फैसले की खिलाफत कर इस मामले को प्रतिष्ठा का विषय नहीं बनाना चाहिए। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने तमिलनाडु पुलिस को कहा कि वह मामले के सभी सबूतों को सीबीआई को सौंप दे।



इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि सीबीआई को जबरन धर्मांतरण के मुद्दे पर बात करनी चाहिए।

### तंजावुर में क्या हुआ था

तंजावुर में 12वीं क्लास की स्टूडेंट ने जहर खा लिया था, जिसे 9 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। छात्रा की 19 जनवरी को मौत हो गई थी। आरोप था कि छात्रा से मिशनरी बोर्डिंग स्कूल सेंट माइकल्स गर्ल्स होम में जबरन कमरों की सफाई कराई जाती थी। इसके अलावा उस पर ईसाई धर्म अपनाने का भी दबाव था। इससे तंग आकर लड़की ने जहर खाकर जान देने की कोशिश की थी। तत्काल उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां होश में आने पर उसने डॉक्टरों को उत्पीड़न की बात बताई थी। पुलिस ने भी उससे पूछताछ की थी और उसके आधार पर वॉर्डन को अरेस्ट कर लिया था। हालांकि तमाम कोशिशों के बाद भी छात्रा की 19 जनवरी को मौत हो गई थी।

### जांच ने ले लिया है राजनीतिक रंग

कुछ समय बाद एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें लड़की यह कहती दिखती है कि उसे बुरी तरह डांटा जाता है। इसके हॉस्टल के कमरों की सफाई कराई जाती है। यही नहीं छात्रा का आरोप है कि उसे ईसाई धर्म अपनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। जबरन धर्मांतरण के आरोप सामने आने के बाद मामला बढ़ गया था और राजनीतिक रंग ले लिया था। इस पर डीएमके ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा था कि वह आत्महत्या के मामले को सांप्रदायिक रंग देना चाहती है। डीएमके और उसके सहयोगियों का कहना है कि भाजपा हेट प्रोपेगेंडा चलाने की कोशिश कर रही है।

### पीड़िता के पिता ने किया था हाई कोर्ट का रुख

इस मामले ने तब और तूल पकड़ा, जब हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई। पीड़िता के पिता का कहना था कि इस मामले को जांच के लिए सीबीआई को सौंपा जाना चाहिए। इस पर 31 जनवरी को हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि मामले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए। इसी आदेश के खिलाफ तमिलनाडु पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था।

# किसके वोट इकट्ठा करना चाहते हो? टीएमसी के 'हिंदू वोट बंटवारे' पर कानपुर में बरसे पीएम मोदी

**कानपुर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कानपुर में रैली को संबोधित करते हुए गोवा तक को साधने की कोशिश की। यूपी में दूसरे फेज की वोटिंग के बीच गोवा और उत्तराखंड में वोटिंग के बीच टीएमसी नेता की ओर से 'हिंदू वोट बंटवारे' को लेकर कही गई बात को आधार बनाकर पीएम मोदी जमकर बरसे और कहा कि चुनाव आयोग को इसको संज्ञान में लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि गोवा और यूपी की जनता को भी इस पर गौर करना चाहिए।



पीएम मोदी ने कहा, ''ममता बनर्जी की पार्टी के एक नेता जो गोवा में पहली बार लड़ रहे हैं, उनसे पूछा गया कि आपकी पार्टी का यहां तो वजूद है नहीं, क्यों यहां चुनाव लड़ रहे हो, वह जवाब चुनाव आयोग के लिए गौर करने के लिए है, मेरे यूपी के मतदाताओं के लिए भी, उन्होंने कहा कि हमने तो उस पार्टी से इसलिए गठबंधन किया है क्योंकि हम गोवा में हिंदू वोटों को बांटना चाहते हैं। आप देखिए क्या हिम्मत। क्या यह सेक्युलरिज्म है क्या? आप खुलेआम कहें कि हिंदू वोट बांटना चाहते हैं, तो किसके वोट इकट्ठा करना चाहते हो। मैं गोवा के लोगों से कहना चाहता हूं कि यह मौका है इस तरह की राजनीति को दफना देने का।

### परिवारवादी भाजपा की लहर से चारो खाने चित, यूपी में 10 दिन पहले मनेगी होली

प्रधानमंत्री ने दावा किया कि दो फेज की वोटिंग से चार बाते साफ हो चुकी हैं, इस बार होली 10 दिन पहले रंगो वाली होली जनता मनाएगी। भाजपा की प्रचंड जीत की होली मनेगी। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकार, योगी की सरकार फिर से जोर शोर से गाजे-बाजे के साथ आ रही है। हर जाति, हर बिरादरी, हर वर्ग के लोग बिना बटे, गांव-शहर एकजुट होकर बीजेपी को वोट कर रहे हैं, दूसरा फेज भी बढ़ रहा है। माता-बहनों और बेटियों ने भाजपा का झंडा उठा लिया, सुरक्षा और सम्मान के लिए भाजपा को वोट किया है। मुस्लिम बहने चुपचाप, बिना शोर सराबे के लिए बिन डर के घर से भाजपा को वोट करने के लिए निकल रही है, उनका मानना है जो सुख-दुख में काम आता है वही अपना होता है।

### सपा आई तो माफियाराज लेने लगेगा सांसः मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यूपी में योगी शासन के कारण घोर परिवारवादियों का माफियागंज अब अंतिम सांसें गिन रहा है। अगर ये वापस आ गए तो यूपी में माफियागंज फिर से सांसें लेने लगेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने अकबरपुर में विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवारवादियों का वश चलता तो यूपी का हर मुहल्ले में माफियागंज मुहल्ले बना देते।

# कमजोर हो रहा कोरोनाः 34 हजार लोग संक्रमित 346 की मौत, सक्रिय मामले भी पांच लाख से नीचे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में बीते एक सप्ताह से कोरोना महामारी का प्रकोप कम होता दिख रहा है। संक्रमितों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी सोमवार के आंकड़े के अनुसार बीते 24 घंटों में कोरोना के 34,113 मामले सामने आए हैं जो कि शनिवार के आंकड़ों से लगभग 20 फीसदी कम हैं। इस दौरान 346 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार देश में अब 4.78 लाख (4,78,882) सक्रिय मामले बचे हैं। वहीं अब तक स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या 4.16 करोड़ हो गई है। हालांकि राहत की बात यह है कि रोजाना संक्रमण दर घटकर 3.19 फीसदी पर आ गई है।

### यूपी और दिल्ली में घटने लगे कोरोना के मामले

उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटों में कोरोना के 1432 नए कोरोना मरीज मिले हैं और सात मरीजों की मौत हुई है। अब प्रदेश में 14,214 एक्टिव केस बचे हैं। राहत की बात है कि संक्रमण दर घटकर 0.76 फीसदी हो गई है। बीते 24 घंटे में 2481 मरीज ठीक भी हुए हैं। वहीं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां बीते 24 घंटों में कोरोना के 804 नए मरीज मिले हैं और 12 लोगों की मौत हो गई। दिल्ली में कोरोना मृत्यु दर 1.41 फीसदी हो गई है।

### अब तक कुल 75.18 लाख से अधिक सैंपल टेस्ट किए जा चुके

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत में कल कोरोना वायरस के लिए 10 लाख 67 हजार 908 सैंपल टेस्ट किए गए। वहीं देश में महामारी के शुरुआत से लेकर अब तक कुल 75,18,03,766 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं।

## प्रदेश में कोरोना के 579 नए मरीज मिले, 24 घंटे में 5 की गई जान, एक्टिव केस 8 हजार से नीचे

छत्तीसगढ़ में कोरोना की तीसरी लहर का संक्रमण अब धीरे-धीरे कम हो रहा है। रविवार को प्रदेश में 579 नए केस मिले हैं। कोरोना से प्रदेश में 5 लोगों की जान भी चली गई। प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 8 हजार से कम हो गई है। छत्तीसगढ़ में इस महामारी से अब तक 14 हजार 6 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं प्रदेश में कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के अब तक कुल 46 मरीज भी मिल चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के राज्य कंट्रोल एंड कमांड सेंटर से मिली जानकारी के मुताबिक रविवार को प्रदेश में 579 नए केस मिले हैं, जिसमें सबसे ज्यादा बलरामपुर में 62 नए संक्रमित मिले हैं। इसके बाद रायपुर में 56, दुर्ग में 53, बीजापुर में 49, सूरजपुर में 45, कोरबा-धमतरी में 38-38, बिलासुर में 33, रायगढ़ 28, कांकेर में 19, कबीरधाम व जांजगीर-चांपा में 18-18, राजनांदगांव में 17, जशपुर में 13, गौरेला-पेंड्रा व बस्तर में 11-11 नए केस मिले हैं। प्रदेश के 4 जिलों में कोरोना का एक भी मामला सामने नहीं आया। वहीं 7 जिलों में 1 से 10 के बीच मरीज मिले हैं। बड़ी संख्या में मरीजों के स्वस्थ होने से प्रदेश में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 8 हजार से नीचे आ गई है।

### कोरोना वैक्सीनेशन का आंकड़ा 172.95 करोड़ के पार

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देशभर में अब तक कुल 172 करोड़, 95 लाख 87 हजार 940 कोरोना वैक्सीन के डोज दिए जा चुकी है।

# भीषण हादसाः कार और बोलेरो की भिड़ंत में मां-बेटी समेत चार की मौत

**सीतापुर (एजेंसी)।** कोतवाली महमूदाबाद इलाके में सोमवार की सुबह बोलेरो और कार की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। दर्दनाक हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में मां-बेटी और भतीजे शामिल हैं। जबकि चौथा मृतक बोलेरो का चालक है। तीन लोगों ने मौके पर दम तोड़ दिया है। एक की अस्पताल ले जाते समय जान गई। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। हादसे के बाद मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। सभी का रो-रो कर बुरा हाल है।



कोतवाली महमूदाबाद इलाके के रजुआपुर मोड़ के पास सोमवार सुबह करीब 6:30 बजे सिधौली की ओर से आ रही बोलेरो व महमूदाबाद की ओर से जा रही कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना पाकर पुलिस और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घायलावस्था में सभी को अस्पताल ले जाने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि एक और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया।

## संपादकीय

# कोविड के अन्य खतरे

आपदा कैसी भी हो, उसके अंत की एक तारीख होती है। कुछ वैज्ञानिकों ने उस तारीख की घोषणा कर दी है, जब एक महामारी के रूप में कोविड इस दुनिया से विदा हो जाएगा। कोविड वायरस विदा नहीं होगा, लेकिन उसका वह रूप चला जाएगा, जो उसे महामारी बनाता है। फिर वह एक ऐसे मर्ज में बदल जाएगा, जो एक साथ बड़े पैमाने पर लोगों को अपना शिकार नहीं बनाएगा, लेकिन गाहे-बगाहे लोगों को होता रहेगा, ठीक वैसे ही, जैसे सर्दी-जुकाम, वायरल, टायफाइड और निमोनिया वगैरह होते हैं। ऐसा हुआ, तो हमें पूरी राहत भले न मिले, लेकिन आंशिक रूप से जरूर मिल जाएगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि जल्द ही इसकी ज्यादा कारगर वैक्सीन तैयार हो जाए और लोगों को ज्यादा भरोसेमंद सुरक्षा-चक्र मिले। लेकिन कोविड को लेकर जो अन्य खबरें आ रही हैं, वे कहीं ज्यादा परेशान करने वाली हैं। ब्रिटिश मेडिकल जर्नल में प्रकाशित एक हालिया शोध के अनुसार, जिन बुजुर्गों को कोविड हुआ था, उन्हें ठीक होने के बाद भी ऐसी कई नई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जो पहले कभी नहीं थीं। इस शोध में 65 साल से ऊपर के उन 1,33,366 अमेरिकी लोगों का अध्ययन किया गया है, जिन्हें 1 अप्रैल, 2020 से पहले कोविड संक्रमण हुआ था।

> इस महामारी ने कई-कई मोर्चों पर समाज की परीक्षा ली है, लेकिन इसने सबसे ज्यादा परीक्षा चिकित्सा विज्ञान की ली है। लगता है, अभी भी यह परीक्षा खत्म नहीं हुई है। कोरोना महामारी ने समाज और अर्थव्यवस्था को बहुत पीछे धकेला है। इस दौरान सिर्फ चिकित्सा विज्ञान ही है, जो लगातार दम साधकर लगातार आगे बढ़ा है, लेकिन अभी उसे मीलों चलना है। हमें अभी नहीं पता कि कोविड अगर महामारी के बजाय एक आमफहम रोग बन गया, तो हमारे शरीर के अन्य अंगों पर उसका क्या असर होगा? कोरोना वायरस के बारे में अभी बहुत कुछ जानना शेष है।

शोध में पाया गया कि ऐसी परेशानियां हर तीन में से एक बुजुर्ग में पाई गई हैं। इनमें ऐसे लोग भी हैं, जिन्हें स्थायी तौर पर उच्च-रक्तचाप की बीमारी मिल गई है। ऐसे लोग भी हैं, जिनके दिल, किडनी और गुर्दे के कामकाज पर असर पड़ा है। कई लोगों के हृदय की समस्या संक्रमण के एक साल बाद ज्यादा घातक हो गई है। कुछ लोगों को सांस लेने की समस्या हो रही है। मस्तिष्क पर भी असर पड़ने के मामले मिले हैं। यह पाया गया कि कोविड ठीक होने के एक साल बाद 32 प्रतिशत लोग ऐसी समस्या के लिए या तो डॉक्टर से मिले हैं या फिर अस्पताल में भर्ती हुए हैं। वैसे, जिस समय कोविड संक्रमण फैलना शुरू हुआ था, उसी समय यह साफहो गया था कि यह वायरस सिर्फफेफड़े पर असर नहीं डाल रहा। उस दौरान बहुत सारे लोगों की जान दिल, किडनी या गुर्दे वगैरह के फेल हो जाने के कारण भी गई। तब बहुत से लोग इस बहस में उलझे हुए थे कि इस तरह के संबद्ध रोगों से होने वाली मौतों को महामारी से हुई मौत माना जाए या नहीं। इस दौरान जो लोग ठीक होकर अपने-अपने घर वापस चले गए, वे खुद को खुशनसीब समझ रहे थे और उन पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया। निस्संदेह, खुशनसीब तो वे थे, लेकिन उन्हें कोविड महारोग बाद में भी परेशान करता रहेगा, यह किसी ने नहीं सोचा था। इस महामारी ने कई-कई मोर्चों पर समाज की परीक्षा ली है, लेकिन इसने सबसे ज्यादा परीक्षा चिकित्सा विज्ञान की ली है। लगता है, अभी भी यह परीक्षा खत्म नहीं हुई है। कोरोना महामारी ने समाज और अर्थव्यवस्था को बहुत पीछे धकेला है। इस दौरान सिर्फ चिकित्सा विज्ञान ही है, जो लगातार दम साधकर लगातार आगे बढ़ा है, लेकिन अभी उसे मीलों चलना है। हमें अभी नहीं पता कि कोविड अगर महामारी के बजाय एक आमफ्हम रोग बन गया, तो हमारे शरीर के अन्य अंगों पर उसका क्या असर होगा? कोरोना वायरस के बारे में अभी बहुत कुछ जानना शेष है।

> **यही समुदाय आज वहां वैक्सीन विरोध में लगा है। लेकिन भारत में बात ऐसी नहीं है। यहां ज्यादातर लोग विज्ञान की उन सुविधाओं में ही अपना भविष्य खोजते हैं, जो अभी तक बहुत से लोगों को नसीब ही नहीं हो सकी हैं। यहां तक कि जो देश के अतीत में अति-विकसित विज्ञान के दर्शन करते हैं, वे भी आज के विज्ञान का खुला विरोध नहीं कर पाते। इसलिए भारत को वैक्सीन की हिचकिचाहट को लेकर चिंता छोड़ देनी चाहिए। यहां यह बड़ी समस्या नहीं है, भले ही बड़ा राजनीतिक मुद्दा हो।**

# वैक्सीन का विरोध और अपना देश

हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार

ऐसी चिंता पहले भी कई बार जताई जा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोविड वैक्सीन के प्रति कुछ लोगों की हिचकिचाहट का मामला इस बार संसद में उठाया है। उन्होंने इसे बढ़ावा देने का आरोप विपक्ष पर मढ़ा है, लेकिन हमें इस आरोप की राजनीति को फिलहाल छोड़ देना चाहिए और बात उस चिंता की करनी चाहिए, जो प्रधानमंत्री ने व्यक्त की है। वैक्सीन पर शक जाहिर करने वालों, या उससे हिचकिचाने वालों और यहां तक कि उसका खुला विरोध करने वालों को लेकर चिंतित विश्व नेताओं में हमारे प्रधानमंत्री अकेले नहीं हैं। दुनिया के बहुत सारे शासनाध्यक्ष इसे लेकर परेशान हैं। यूरोप और खासकर, जर्मनी में तो यह मामला इतना गंभीर हो गया है कि सरकारें समझ ही नहीं पा रहीं कि क्या किया जाए? अमेरिका का हाल भी ऐसा ही है।

बात कितनी बढ़ गई है, इसका अंदाज पहली बार तब लगा, जब जर्मनी में एक गवर्नर माइकल क्रेटशेमर की हत्या का षड्यंत्र उजागर हुआ। कुछ लोगों ने उनकी हत्या की योजना सिर्फ इसलिए बनाई थी, क्योंकि वह वैक्सीन के प्रबल समर्थक हैं और अपनी बात को जोर-शोर से लगातार कह रहे हैं। दूसरी तरफ इटली में इम्यूनोलॉजी की एक प्रसिद्ध विशेषज्ञ एंटोनेला वायोला पर कुछ लोगों ने गोली चलाई। उन्हें लगातार धमकी भरे पत्र भी मिल रहे थे। अब वह अपना जीवन भारी सुरक्षा के बीच गुजार रही हैं। कुछ समय पहले नीदरलैंड में एक राजनेता के घर वैक्सीन विरोधियों ने जलती मशालें लेकर हमला बोल दिया था। ब्रिटेन में वैक्सीन विरोधियों ने पुलिस, स्कूलों और वैक्सीन केंद्रों पर हमले की योजना बनाई थी, जिसका समय रहते पता लग गया। पश्चिम में वैक्सीन को लेकर एक नए तरह का अतिवाद या आतंकवाद शुरू हो गया है। जिस समय यह माना जा रहा था कि वैक्सीन खोजने वालों, बनाने वालों और लगाने वालों का पूरी दुनिया में इसलिए अभिनंदन होगा कि उन्होंने महामारी से मुक्ति का रास्ता तैयार किया है, उस समय वे ढेर सारे खतरों से घिरे अपने बचाव की जुगत तलाश रहे हैं।



पश्चिम के जिन देशों में मामला इतना उग्र नहीं हुआ, वहां भी हालात बहुत अच्छे नहीं हैं। जगह-जगह प्रदर्शन और धरने हर रोज की बात हो गई है। महामारी और वैक्सीन को लेकर तरह-तरह की ऐसी कहानियां गढ़ी जा रही हैं, जो कहती हैं कि जो कुछ भी हो रहा है, वह एक गहरा षड्यंत्र है। इस भीड़ में वे लोग भी शामिल हो गए हैं, जो यह मानते हैं कि कोविड और महामारी जैसा कुछ है ही नहीं, यह तो बस किसी खास मकसद से लोगों को भरमाने की चाल है। ज्यादातर जगहों पर वे सब इस जिद पर अड़े हैं कि वैक्सीन की अनिवार्यता खत्म की जाए और इसे ऐच्छिक बनाया जाए। जबकि दुनिया के तमाम विशेषज्ञ यह मान रहे हैं कि अगर कुछ लोगों को सुरक्षा से छूट दे दी गई, तो पूरे देश के सुरक्षा-चक्र में सेंध लगने का खतरा हमेशा बना रहेगा।

इसके विपरीत भारत में ऐसा कोई खतरा नहीं है। भारत में प्रत्यक्ष तौर पर वैक्सीन विरोधी या तो नहीं हैं, या नगण्य हैं। कुछ लोगों के मन में शंकाएं जरूर हैं, लेकिन ऐसे लोग बाकी दुनिया की तरह न तो संगठित हैं और न ही आक्रामक। यही वजह है कि भारत ने टीकाकरण के कई ऐसे रिकॉर्ड बना लिए हैं, जिनका मुकाबला दुनिया का कोई देश नहीं कर सकता। अभी तक टीकाकरण-केंद्रों पर जिस तरह से भीड़ जुट रही है, और जिस तरह से धक्का-मुक्की हो रही है, वह बताता है कि भारत के टीकाकरण अभियान में कम से कम अभी तक वैक्सीन की यह हिचकिचाहट आड़े नहीं आ रही है। भारत की चुनौती अब भी बड़े पैमाने पर उन लोगों का टीकाकरण है, जो इसके लिए तैयार हैं। एक बार जब यह काम पूरा हो जाएगा, तभी उससे हिचकिचाने वालों के बारे में सोचने का मौका मिल सकेगा।

देश के पूरे इतिहास में वैसा कभी नहीं हुआ, जैसा आज पश्चिम में हो रहा है। ज्यादा से ज्यादा एक घटना को याद किया जा सकता है, जब देश में पहली बार चेचक का टीकाकरण ब्रिटिश सरकार ने शुरू करवाया था। उस समय इसका कई जगह विरोध हुआ था। मद्रास प्रेसीडेंसी में टीकाकरण के लिए एक सुपरिटेंडेंट बनाए गए थे स्वामी नाइक, उन पर एक बार जानलेवा हमला भी हुआ था। शायद यह हमारे इतिहास की अकेली ऐसी घटना है। जब पल्स पोलियो अभियान शुरू हुआ, तब जरूर कुछ लोगों ने इसे लेकर भ्रम पैदा करने की कोशिश की थी, लेकिन इससे भी देश ने आसानी से निपट लिया। कोविड की महामारी जब शुरू हुई, तब कुछ लोगों ने तरह-तरह के इलाज की बात करके प्रसिद्धि हासिल करने की कोशिश की थी, लेकिन समय के साथ वे लोगों की स्मृति से बाहर हो गए। समय ने बहुत आसानी से जनमानस को समझा दिया कि महामारी से मुक्ति का रास्ता विज्ञान से ही निकल सकता है।

लेकिन पश्चिम में स्थिति ऐसी नहीं है। वहां अरसे से एक ऐसा समुदाय पल-बढ़ रहा है, जो मूल रूप से विज्ञान का ही विरोधी है। वह अपने तर्कों को लेकर काफी मुखर और उग्र भी है। महामारी और उसकी विभीषिका भी इस प्रवृत्ति को खत्म नहीं कर सकी है। दिलचस्प बात यह है कि संचार युग के विज्ञान ने हमें जो सोशल मीडिया दिया है, उसका फायदा उठाते हुए इस समुदाय ने खुद को ज्यादा संगठित और ज्यादा मजबूत कर लिया है। यह मीडिया उसके प्रसार का कारण भी बन रहा है। शायद ये वे लोग हैं, जो विज्ञान की सारी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हुए उसका विरोध करने की विलासिता अपना सकते हैं। यही समुदाय आज वहां वैक्सीन विरोध में लगा है। लेकिन भारत में बात ऐसी नहीं है। यहां ज्यादातर लोग विज्ञान की उन सुविधाओं में ही अपना भविष्य खोजते हैं, जो अभी तक बहुत से लोगों को नसीब ही नहीं हो सकी हैं। यहां तक कि जो देश के अतीत में अति-विकसित विज्ञान के दर्शन करते हैं, वे भी आज के विज्ञान का खुला विरोध नहीं कर पाते। इसलिए भारत को वैक्सीन की हिचकिचाहट को लेकर चिंता छोड़ देनी चाहिए। यहां यह बड़ी समस्या नहीं है, भले ही बड़ा राजनीतिक मुद्दा हो।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# हाशिये के लोगों का हित साधेगा डिजिटल भारत

एसपी गौड़ , पूर्व अधिकारी, भारतीय प्रशासनिक सेवा

इस बार के बजट में कई क्षेत्रों में डिजिटल प्रणाली को सुदृढ़ करने वाले महत्वाकांक्षी प्रस्ताव लाए गए हैं। ई-शिक्षा के लिए डिजिटल विश्वविद्यालय के साथ-साथ 200 ई-विद्या टीवी चनैल, ई-लैब की स्थापना के अलावा कई दूरगामी डिजिटल प्रस्तावों की घोषणा की गई है। 5-जी नेटवर्क सेवा भी इसी साल आरंभ की जाएगी। फिर भी कुछ लोगों को बजट में गरीबों के लिए कुछ नहीं दिखाई दिया। कुछ ने तो मध्यवर्ग को भी इसी श्रेणी में जोड़ दिया। पर क्या वाकई डिजिटल प्रणाली से गरीब लोगों को कोई लाभ नहीं पहुंचता?

दो परिदृश्यों पर गौर कीजिए। एक यह कि देश में डिजिटल प्रणाली का लाभ किस-किस सेक्टर को मिल रहा है। हमारे मुल्क की आबादी करीब 137 करोड़ है, जबकि 152 करोड़ सेलफोन हैं। इनमें से 60 करोड़ स्मार्टफोन हैं। करीब 70 करोड़ भारतीय आज मोबाइल, लैपटॉप या कंप्यूटर के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ चुके हैं, जिनमें से दो-तिहाई लोग गांव में रहते हैं। स्थिति यह है कि शहर हों या गांव, अब मोबाइल सबकी (इंटरनेट कुछ की) जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। इस पर कॉन्फ्रेंस, वीडियोग्राफी, बैंकिंग आदि सभी काम धड़ल्ले से हो रहे हैं। डिजिटलीकरण कैसे गरीब को लाभ पहुंचा रहा है, इसका अंदाज इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि बैंक का कोई काम हो, तो पहले गरीब अपनी आधी दिहाड़ी गंवाकर और मध्यवर्गीय लोग आधे दिन की छुट्टी लेकर वह काम कर पाते थे। पर अब घर बैठे मिनटों में यह काम हो रहा है।



डिजिटलीकरण के क्षेत्र में एक बड़ा काम होगा देश में भूमि संबंधी रिकॉर्ड का 'डिजिटलाइजेशन'। देश में पहली बार ई-पासपोर्ट भी जारी हुआ करेगा। कई अध्ययन बताते हैं कि मोबाइल कवरेज घनत्व और विकास की रफ्तार में गहरा अंतरसंबंध है। मसलन, जन-धन योजना के तहत खुले 44 करोड़ गरीब लोगों की बैंकिंग पर ही नजर डाल देखिए। हर खाताधारक को 2.30 लाख रुपये का बीमा व रुपेकार्ड दिया गया है। यह सब सदृढ़ डिजिटल इन्फ्रा के कारण ही सभंव हुआ है। यह डिजिटलीकरण का ही प्रताप है कि मनरेगा मजदूरों व छोटे-बड़े करोड़ों किसानों के खातों में अरबों रुपये की सम्मान निधि अबाध पहुंच रही है। इसी के बूते गरीब, आम आदमी और मध्यवर्ग, सभी जन-धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी योजनाओं से फायदा उठा रहे हैं।

दूसरा परिदृश्य। बजट में प्रस्ताव किया गया है कि डिजिटल सुदृढ़ीकरण के तहत रिजर्व बैंक डिजिटल करेंसी शुरू करेगा। इसे अगर ठीक से लागू किया गया, तो देश में कालाधन पर प्रभावी रोक लगेगी। डाटा केंद्रों को इंफ्रा में समावेशित कर उनको सब तरह की रियायतें दी जाएंगी। भारतीयों का डाटा देश के अपने बड़े डाटा केंद्रों में सुरक्षित होगा। कहने की जरूरत नहीं कि वर्तमान दौर में सूचना व जानकारी बहुत अहम हो गई है और महंगी भी। ऐसे में, 5-जी नेटवर्क के लिए पीएलआई (उत्पादन संबंधित प्रोत्साहन) उपलब्ध होने पर व्यापार-उद्योग और संचार में जबर्दस्त सुधार होंगे, उत्पादकता बढ़ेगी, कल्याणकारी कार्यों के लिए धन मिलेगा और तरह-तरह के रोजगार पैदा होंगे। गौरतलब है कि आत्मनिर्भर भारत योजना को 14 क्षेत्रों में समर्थन मिला है। बजट में यूनिवर्सल सर्विसेज ऑब्लिगेशन फंड का पांच प्रतिशत निवेश सस्ते ब्रॉडबैंड और दूरदराज के क्षेत्रों में मोबाइल के प्रसार के लिए प्रस्तावित किया गया है। भारतनेट के अंतर्गत वर्ष 2025 तक देश के सभी गांवों में ऑप्टिकल फाइबर बिछाने का लक्ष्य है। जाहिर है, बीएसएनएल निगम का 44,700 करोड़ रुपये का घाटा भी इस तरह पूरा हो सकेगा।

जहां तक देश के मध्यवर्ग का ताल्लुक है, तो वह डिजिटल सुविधाओं का पूरा लाभ उठा रहा है। यह वह पढ़ा-लिखा वर्ग है, जो नई तकनीक को फौरन अपनाता है। डिजिटल इंडिया के प्रसार से उनकी खुशी दोगुनी होगी। गरीब परिवारों के बच्चे भी आज शिक्षा प्राप्त कर नौकरियां पा रहे हैं। नई पीढ़ी पूरी तरह से इंटरनेट कुशल है। ये नौजवान डिजिटल लाभ अपने परिवार तक पहुंचाते हैं। ऐसे में, यह कहना तर्कसंगत है कि डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ देश की लगभग सभी जनता उठाती है, कुछ कम, कुछ ज्यादा और गरीबों को भी इसका लाभ मिलता है, कभी उनको इसका एहसास होता है और कभी नहीं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239
























आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेंडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### खाद्य मंत्री ने निर्माणाधीन एकलव्य विद्यालय का किया निरीक्षण

**रायपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने सरगुजा जिले के बतौली विकासखण्ड के ग्राम शिवपुर में निर्माणधीन बालिका एकलव्य विद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल भवन का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। खाद्य मंत्री ने निर्माण स्थल पर चल रहे कार्यों का अवलोकन किया और अधिकारियों से निर्माण के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि एकलव्य विद्यालय का निर्माण करीब 20 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा है। इसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक की बालिकाओं के लिए अवासीय अध्ययन की सुविधा रहेगी। इस क्षेत्र में एकलव्य विद्यालय की स्थापना से वनांचल के छात्राओं को बेहतर स्कूली शिक्षा प्राप्त हो सकेगी। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष श्री प्रदीप गुप्ता सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### मुड़पारा कर्राहन से लमडांड एवं कर्राहन से पिपराही चौक तक सड़क निर्माण हुआ शुरू

**रायगढ़।** लैलूंगा विधायक चक्रधर सिंह सिदार की उपस्थिति में आज लैलूंगा विकासखण्ड अंतर्गत मुड़पारा कर्राहन से लमडांड एवं कर्राहन से पिपराही चौक तक बनने जा रही नई सड़क निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। उन्होंने निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। 8.50 कि.मी.लंबाई की सड़क निर्माण कार्य के लिए 9 करोड़ 31 लाख रुपये की स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। निर्माण कार्य के अंतर्गत कुल लंबाई में से 7.90 कि.मी.भाग में डामरीकरण एवं 600 मीटर में सीमेंट कांक्रीट का कार्य कराया जाएगा। उक्त मार्ग में वर्षाजल निकासी हेतु 24 नग 01 एमएम के ह्यूम पाईप पुलिया, 3 नग स्लैब कल्वर्ट एवं 500 मीटर आरसीई ड्रेन (60×60) का प्रावधान रखा गया है। डामरीकरण के लिए मार्ग में 250 एमएम जीएसबी, 250 एमएम डब्ल्यूएमएम एवं 50 एमएम बीएम की परत बिछायी जाएगी तथा उसके ऊपर 20 एमएम की एमएसएस लेयर चढ़ाई जाएगी।

# गृह मंत्री ताम्रध्वज ने किया दुर्ग ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा, लोगों से पूछी समस्याएं, अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। गृह एवं लोक निर्माण मंत्री एवं दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ताम्रध्वज साहू ने रविवार 13 फरवरी को दुर्ग जिले के दुर्ग ब्लाक के ग्राम कुथरेल, अछोटी, चिंगरी, अंडा एवं जजंगरी का दौरा किया।



इस दौरान गृह मंत्री ने ग्रामीणों से समस्याएं पूछीं और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं के मामले में किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो। योजनाओं के क्रियान्वयन की सतत मॉनिटरिंग करते रहें। ग्रामीण क्षेत्रों का विकास शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र का लगातार दौरा कर यह देखना है कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन किस तरह हो रहा है और आपके गांव के विकास के लिए और क्या क्या किया जा सकता है।

कृषि एवं पशुपालन तथा रोजगारमूलक गतिविधियों के बारे में और क्या किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आप सभी से मिलने के बाद इस संबंध में लगातार निर्णय लिये जाते हैं तथा इसके क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शालनी रिवेन्द्र यादव,जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख,पूर्व जिला पंचायत सभापति केशव बंटी हरमुख, जिला पंचायत सभापति योगिता चंद्रकार,जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़,जनपद सदस्य टिकेश्वरी लाल देशमुख, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार सेन,दिवाकर गयाकवाड़ ,पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव,सरपंच कुथरेल राजश्री चंद्राकर, प्रदीप चन्द्राकर, घनश्याम दिल्लीवार, बीरेंद्र दिल्लीवार, शिवनारायण दिल्लीवार, सरपँच चिंगरी पुष्पा देशमुख,विजय साहू, सरपंच अंडा उमा देवी चंद्रकार, जिला अध्यक्ष किसान कांग्रेस पुकेश चन्द्राकर,सरपँच जजंगरी रेखा चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, विधयाक प्रतिनिधि डॉ पिलेश्वर साहू,जमोहंत गज़पाल,सुभाष साव सहित ग्रामीण जन व विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जतरा मेला सरगुजिहा संस्कृति की अटूट कड़ी : भगत

## खाद्य मंत्री ने बरगीडीह में जतरा मेला का किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत ने सरगुजा जिले के लुण्ड्रा जनपद के बरगीडीह में जतरा मेला का शुभारंभ किया। मंत्री श्री भगत ने कहा कि मेला-मड़ई छतीसगढ़ की संस्कृति की पहचान है। ठीक उसी प्रकार जतरा मेला भी सरगुजिहा संस्कृति की पहचान है। जतरा मेला सरगुजिहा संस्कृति से रचा बस है।



उन्होंने कहा कि जतरा मेला खुशहाली का प्रतीक होने के साथ लोगों मे भाईचारा का संदेश भी देता है। मेला में लोग न सिर्फ अपनी जरूरत की चीजे खरीदते है, बल्कि मनोरंजन करते है और दूर-दराज के लोगों से मेल-मिलाप भी करते है। इस अवसर पर लुण्ड्रा विधायक डॉ. प्रीतम राम, खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा विशेष रूप उपस्थित थे। खाद्य मंत्री श्री भगत ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसान हितैषी सरकार है। चालू खरीफ सीजन में रिकार्ड 98 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई। धान खरीदी केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखा गया। बारदाने की कमी होने के बावजूद किसानों को धान बेचने में समस्या नहीं आने दी गई। मेले में खाद्य मंत्री श्री भगत, विधायक डॉ प्रीतम राम, खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने टोरा-टोरा झूले का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर बतौली जनपद उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, जनपद सदस्य श्रीमती शकुंतला, पार्षद दीपक मिश्रा, सरपंच सनमान सिंह, जनपद सीईओ संजय गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, इरफान सिद्दीकी, निलय त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरकारी अस्पताल के बदले निजी अस्पताल में इलाज करवाने का झांसा देने वाले की शिकायत के लिए फोन नंबर जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने निजी अस्पताल में पहाड़ी कोरवा महिला की मौत को गंभीरता से लेते हुए रिफर करवाने वाले लोगों की शिकायत के लिए फोन नंबर जारी करने के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राइवेट अस्पतालों में झांसा देकर मरीज रिफर करवाने वाले लोगो की शिकायत के लिए फोन नंबर जारी कर दिया गया हैं। नागरिक ऐसे लोगों की सूचना डॉ राकेश अग्रवाल के मोबाइल नंबर 9788514400, डॉ रविकांत जाटवर के मोबाइल नंबर 7583828824 और डॉ गोपाल कंवर के मोबाइल नंबर 9827195979 पर दे सकते हैं। सीएमएचओ डॉ बी बी बोडे ने बताया कि नागरिकगण सरकारी अस्पताल से प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने का झांसा देने वाले लोगों के खिलाफ इन नंबरों पर शिकायत कर सकेंगे। शिकायत सही पाए जाने पर ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जिले वासियों के स्वास्थ्य जांच और इलाज के लिए जिला अस्पताल सहित जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने लोगों से प्राइवेट अस्पताल में भर्ती करने का झांसा देने वाले लोगों की शिकायत दिए गए फोन नंबर पर करने की अपील की है।

## झुग्गी और गैर झुग्गीयों में रह रहे लोगों के लिए सरकार ने शुरू की नई योजना

# पक्की छत के पूरा होही आस, अब सब्बो के होही अपन पक्का आवास

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम राज्य शासन के आदेश पर प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत झुग्गी/ गैर झुग्गी में किराये के आवास में निवासरत हितग्राहियो को नगर निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत निर्माणधीन आवास सरस्वती नगर,पोटिया रोड गोकुल नगर पुलगांव एवं बोरसी स्थित मकानों का आबंटन किया जाना है। इस हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदेस जारी किया जा चुका है, जिसमे हितग्राहियो को 30 वर्ष लीज पर भवन आबंटन किया जाएगा।




पात्र हितग्राहियो को 30.8.2015 पूर्ण जिस क्षेत्र में निवासित होना चाहिए इसके लिए मतदाता परिचय पत्र / किराया नामा/ निवास प्रमाण एवं 2011 का जनगण सूची नाम अंकित और जिनकी परिवार की आय 3 लाख से कम हो,वर्ष में कही भी परिवार के नाम पर पक्का ना हो,वह हितग्राही इस योजना हेतु पात्र है।हितग्राहियो के छत्तीसगढ़ का मूल निवासी देना अनिवार्य है।शहर में किराया के मकान में रहने वालों को प्रधान मंत्री आवास योजनान्तर्गत सरस्वती नगर,पोटिया,गोकुल नगर, बोरसी में मोर मकान मोर पहचान (एएचपी) के मकानों को छत्तीसगढ़ शासन की मोर मकान मोर आवास योजनांतर्गत लीज पर दिया जाना है। जिसके लिए ऑफिस डाटा सेंटर में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता। आवेदन आमंत्रित किया जाता है। देश के किसी भी भाग में पक्का मकान न हो। छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो। आवास की कीमत 3 लाख 25 हज़ार से 3 लाख 75 हज़ार के बीच अनुमानित होगी। तीस वर्ष की लीज अवधि होगी। आवेदन शुल्क 100 रु जमा करना होगा। पात्र हितग्राहियों का नियमानुसार चयन होने के बाद आंबटन किया जाएगा।

-प्रधानमंत्री आवास योजना अंर्तगत झुग्गी / गैरझुग्गी में किराये के आवासगृह में निवासरत पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटन किया जाना है। राज्य शासन द्वारा किराये पर निवास करने वाले आवासहीन परिवारों को इस योजनान्तर्गत शामिल किया गया है जिसमें मोर मकान-मोर चिन्हारी (ए.एच.पी.) घटक की प्रचलित परियोजनाओं में पूर्व से चयनित बस्ती / हितग्राहियों को व्यवस्थापन हेतु उनसे सहमति एवं समानुपातिक, जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जायेगा, यह समिति मोर मकान-मोर चिन्हारी (ए.एच.पी.) घटक अंर्तगत झुग्गी / गैर झुग्गी में निवासरत पात्र हितग्राहियों के व्यवस्थापन उपरांत शेष आवासों को किरायेदारों को आबंटित करेगी। इस आबंटन में परियोजना पूर्ण होने के पश्चात् समस्त हितग्राहियों को आधिपत्य प्रमाण पत्र, पत्नी एवं पति के संयुक्त नाम पर एवं स्वामित्व विलेख (30 वर्ष के लीज होल्ड आधार पर) प्रदाय किया जायेगा। पंजीयन शुल्क का वहन हितग्राही द्वारा स्वयं किया जावेगा !निकाय क्षेत्र में 31.08.2015 के पूर्व निवासरत हो। (मतदाता परिचयपत्र / कियायानामा / निवास प्रमाणपत्र / अन्य शासकीय दस्तावेज / वर्ष 2011 की जनगणना सूची में नाम) में पूरे परिवार ( पति, पत्नी एवं अवयस्क बच्चे) की आय राशि रू0 3.00 लाख से कम हो (नियोक्ता द्वारा प्रदत्त वेतन प्रमाणपत्र / राशनकार्ड / सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाणपत्र), देश में किसी भी स्थान पर पक्का आवास न हो। हितग्राही का 100 रू0 का शपथपत्र जो कि नोटरी से सत्यापित हो तथा पी.एम.ए.वाय. के एम.आई.एस. पोर्टल में एवं सी.एल. एस. एस. पोर्टल से भी पुष्टि की जावेगी)

# छत्तीसगढ़ का सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल गोल्डन आइलैंड, पर्यटकों को जल्द मिलेगी क्रूज की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल गोल्डन आइलैंड की शोभा और सुविधा और भी बढ़ेगी। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए यहां जल्द ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा क्रूज़ की सेवाएं प्रारंभ की जाएगी। बता दें कि हसदेव बांगो बांध के अथाह जलभराव क्षेत्र में कई छोटे पहाड़ डूब गए तो कई पहाड़ अब आईलैंड बन चुके हैं। इसमें सबसे अधिक प्रसिद्ध गोल्डन आईलैंड टिहरीसरई है, जो बारिश के बाद भी पानी से घिरा रहता है।



बांगो बांध का जलभराव क्षेत्र 6730 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इसके बीच में 12 से अधिक आईलैंड हैं। गोल्डन आइलैंड में वन विभाग ने अभी एक गेस्ट हाउस का निर्माण कराया है। पर्यटकों के लिए और भी कॉटेज का निर्माण कराया जाएगा। यहां हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने पहुंच रहे हैं। सतरेंगा और बुका के बाद गोल्डन आईलैंड पर्यटकों की पहली पसंद है।

राज्य शासन ने ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए ही क्रूज की सुविधा शुरू करने का निर्णय लिया है। इसके बाद तीनों ही पर्यटन केंद्र आपस में जुड़ जाएंगे। अभी इन तीनों केंद्र में पहुंचने के लिए पर्यटक मोटर बोट का सहारा लेते हैं।

### अनुकंपा नियुक्ति मामले में बिजली कर्मचारी संघ को मिली सफलता

**कोरबा।** विद्युत मंडल में बिजली कर्मचारी संघ को मृतक के परिजनों को नौकरी दिलाने में शानदार सफ्लता मिली है। मृतक के परिजन काफी लंबे अरसे से नौकरी पाने के लिए प्रयासरत थे। अब मात्र 8 परिजनों को ही नौकरी लगानी है। बिजली कर्मचारी संघ के द्वारा लगातार आंदोलन किये जाते रहे हैं। इसके अलावा दबाव भी कई बार बनाया गया है। काफी लंबे अरसे से मृतक के परिजनों के सामने रोजी-रोटी की समस्या होने के कारण लगातार रायपुर का चक्कर लगा रहे थे। बिजली कर्मचारी संघ के राधेश्याम जायसवाल ने बताया कि अधिकांश लोगों को नौकरी पर लिया जा चुका है।

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel,
Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
Paul Sir
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI$^{th}$ XII$^{th}$ B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### शिक्षक मितान एप के नवाचार पर प्राचार्य ममता सिंह को मिला सम्मान

**रायपुर (ए)।** नेशनल इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन ने भनपुरी स्थित शासकीय काशीराम शर्मा स्कूल की प्राचार्य ममता सिंह को सम्मानित किया है। यह सम्मान उनके नवाचारी कार्यों पर मिला है। ममता सिंह ने अभनपुर विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) के पद पर रहते हुए शिक्षकों की सुविधा के लिए शिक्षक मितान एप लांच कराया था। इस एप में विकासखंड के सारे शिक्षकों की जानकारी अपडेट की थी। मामले में एनआइसी ने तकनीकी सपोर्ट किया था। दरअसल, एनआइसी ने पहली बार अभनपुर के सामने प्रस्ताव रखा था। इस पर बीइओ ममता सिंह ने तत्काल हामी भरी थी। प्राचार्य ममता सिंह ने बताया कि एप को खोलने के बाद शिक्षकों के सामने कई तरह के विकल्प आते है। मसलन यदि किसी को सर्विस बुक देखनी है तो वह इस विकल्प में जाकर न सिर्फ देख सकता है, बल्कि आवश्यकता के अनुसार प्रिंट आउट भी निकाल सकते हैं। इसी तरह हर महीने दी जा रही सैलरी की पे स्लिप भी मोबाइल पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

#### घर बैठे हर जानकारी

शिक्षक मितान यानी शिक्षकों का मित्र। इस एप के जरिए शिक्षकों को घर बैठे हर तरह की जानकारी मोबाइल पर ही मिल रही है। शिक्षक मितान एप को किसी भी एंड्रायड मोबाइल के गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इसमें शिक्षकों व कर्मचारी के कोड के आधार पर ओटीपी जनरेट होता है। इसमें केवल वही अपना डिटेल दे सकता है जो कि वाकई शिक्षक के तौर कार्यरत है। इस एप की शुरूआत सबसे पहले अभनपुर विकासखंड से ही हुआ था। इसके बाद प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस नवाचार को लागू कराया गया था।

### गोगांव अंडरब्रिज निर्माण में देरी पर ठेकेदार को किया टर्मिनेट

**रायपुर (ए)।** उरकुरा-सरोना बाइपास रेल लाइन पर गुढ़ियारी-गोगांव रेलवे अंडरब्रिज का काम छह महीने के भीतर यानि जून-जुलाई में पूरा होने की उम्मीद है। लोक निर्माण विभाग ने इस अंडरब्रिज को बनाने में लगे ठेकेदार मेसर्स वीबी प्रापर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर को काम में लापरवाही, धीमी प्रगति और कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी काम में उदासीनता बरतने पर टर्मिनेट कर दिया गया है। इसके साथ ही अब फिर से निविदा बुलाकर नए ठेकेदार को अनुबंधित कर स्वीकृति पत्र भी जारी कर दिया गया है। गोगांव अंडर ब्रिज का बाकी काम अब मेसर्स बंसल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राईवेट लिमिटेड करेगी। काम पूरा करने विभाग ने छह माह की अवधि निर्धारित की है। लोक निर्माण विभाग सेतु संभाग रायपुर के इंजीनियर सीके पांडेय ने बताया कि गुढ़ियारी-गोगांव रेल मार्ग पर गोगांव गेट पर अंडर ब्रिज बनाने का काम मई 2016 में मे.वीबी प्रापर्टीज एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर को दिया गया था।

# मंत्री डॉ. डहरिया ने आरंग में 65 लाख रूपए के विकास कार्यों की दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आरंग प्रवास के दौरान आरंग के वार्ड 13 में लगभग 23.50 लाख रूपए की लागत से निर्मित देवांगन समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने भवन की बाउंड्रीवॉल के लिए 10 लाख रूपए और लाईट एवं शौचालय हेतु चार लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। इसी तरह आरंग के नगर पालिका क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट के लिए 18 लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की।




मंत्री डॉ. डहरिया आरंग में हरदिहा पटेल (मरार) समाज रायपुर राज के मां शाकम्भरी महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने समाज की समाज दर्पण पत्रिका का विमोचन किया और समाज संगठन का कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने मरार समाज भवन के आहाता निर्माण के लिए 10 लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की।

डॉ. डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में सरकार सभी वर्गों के विकास के लिए काम कर रही है। गांवों और शहरों में सभी मूलभूत सुविधाओं की बढ़ोत्तरी की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित अन्य योजनाओं से फायदा दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, नगर पालिका आरंग अध्यक्ष चन्द्रशेखर चन्द्राकर, जनपद अध्यक्ष आरंग खिलेश्वर देवांगन, कोमल साहू, भारती देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

# राजधानी में मुख्यमंत्री की लोकवाणी को नागरिकों ने उत्साह से सुना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी को राजधानी के नागरिकों ने उत्साह से सुना। मुख्यमंत्री ने इस कड़ी में 'सुगम उद्योग व्यापार उन्नत कारोबार' विषय पर प्रदेशवासियों से बात की और प्रदेश में रोजगार के लिए शासन द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में हमारी सरकार द्वारा आजीविका रोजगार के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। उद्योग, व्यापार, परंपरागत व्यवसाय या शिक्षित बेरोजगारों के लिए नौकरी का इंतजाम, इत्यादि हर क्षेत्र में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा लिए गए निर्णयों से गांव की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई जिसका लाभ उद्योग व्यापार जगत को मिला। साथ ही हमने औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आबंटन नियमों का सरलीकरण किया। ऐसे अनेक प्रयासों से छत्तीसगढ़ में तीन वर्षों में 1 हजार 715 नये उद्योग स्थापित हुए, जिसमें 19 हजार 500 करोड़ रूपए से अधिक का निवेश हुआ तथा 33 हजार लोगों को रोजगार मिला है।

उपस्थित नागरिकों ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जो सराहनीय है। राज्य शासन द्वारा किए गए कार्यों से युवाओं को रोजगार मिला है और स्व-रोजगार की ओर प्रेरित हुए हैं।

इस अवसर पर सचिन शर्मा, जोन कमिश्नर महेन्द्र पाठक, सुश्री मल्लिका प्रजापति, बंशी कन्नौजे, राजा भट्टर, विकास जैन, भोला थवाइत अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# केंद्रीय विद्यालयों में मार्च के पहले सप्ताह से दाखिले की प्रक्रिया, एक अप्रैल से नया सत्र

**रायपुर (ए)।** राजधानी समेत प्रदेशभर के केंद्रीय विद्यालयों (केवी) में दाखिले की प्रक्रिया मार्च के पहले सप्ताह से शुरू हो जाएगी। सत्र 2022-23 में दाखिले के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन जल्द ही अधिसूचना जारी करेगा। इसी के साथ एक अप्रैल से सत्र 2022-23 की पढ़ाई भी शुरू हो जाएगी। केंद्रीय विद्यालय रायपुर ने पहली से नौवीं और 11वीं के बच्चों की परीक्षा लेने का शेड्यूल भी जारी कर दिया है। ये सभी होम परीक्षाएं ऑनलाइन एक मार्च से 15 मार्च के भीतर ली जाएंगी और 30 मार्च को रिजल्ट जारी किया जाएगा।




#### इस साल भी दाखिला ऑनलाइन, इन्हें प्राथमिकता

इस साल दाखिले की प्रक्रिया आनलाइन ही होगी। केंद्रीय विद्यालयों की वेबसाइट पर इसकी जानकारी भी अपडेट की जाएगी। केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए आम लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। दरअसल, यहां पहले केंद्र सरकार के संस्थानों, उपक्रमों के कर्मचारियों-अधिकारियों के बच्चों को दाखिला देने में प्राथमिकता दी जाती है। इसके बाद राज्य सरकार के सरकारी संस्थानों या राज्य सरकार के उपक्रमों में कार्यरत कर्मचारियों- अधिकारियों के बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है। ऐसे में सीटों की संख्या सीमित होने से दाखिले के लिए भारी प्रतिस्पर्धा होती है।

#### आरटीई के तहत मिल सकता है अवसर

वहीं बीपीएल श्रेणी के अभिभावकों के बच्चों के लिए यहां शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत पहली कक्षा में दाखिले के लिए अवसर मिलता है। इसके तहत कक्षा एक में दाखिले के लिए जन्म प्रमाण पत्र और अन्य कक्षाओं के लिए आयु प्रमाण पत्र, स्कूल ट्रांसफर सर्टिफिकेट, एससी/एसटी/ओबीसी, गरीबी रेखा के नीचे वाले छात्रों के लिए श्रेणी का सर्टिफिकेट, दिव्यांगों के लिए सर्टिफिकेट, जो कि किसी सिविल सर्जन की ओर से प्रमाणित हो आदि देना पड़ता है।

#### रायपुर में तीन केंद्रीय विद्यालयों का है विकल्प

रायपुर में संचालित तीन केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए ऑनलाइन अवसर मिलेगा। राजधानी में केवी एक, दो के अलावा नया रायपुर में केवी विद्यालय तीन संचालित है। केवी एक में दो पाली चल रही है, जहां पर 320 सीट, केवी दो में 82, केवी तीन नया रायपुर में 42 सीटों पर दाखिला लिया जाता है। सालों से यहां सीटों की संख्या बढ़ाने की मांग चल रही है लेकिन सीटें अभी तक बढ़ नहीं पाई हैं।

#### प्रवेश के लिए निर्धारित आयु

केंद्रीय विद्यालय ने अलग-अलग कक्षाओं में प्रवेश के लिए आयु सीमा (न्यूनतम और अधिकतम, दोनों) निर्धारित कर रखी है। यदि गाइड लाइन को देखें तो कक्षा एक में आवेदन के वर्ष यानी 2022 में 31 मार्च को छात्र की न्यूनतम आयु पांच वर्ष और अधिकतम सात वर्ष होनी चाहिए। इस तरह पहली कक्षा में पांच से सात वर्ष, दूसरी कक्षा में छह से आठ वर्ष, तीसरी कक्षा में सात से नौ वर्ष, चौथी कक्षा में आठ से 10 वर्ष, पांचवीं कक्षा में नौ से 11 वर्ष, छठवीं कक्षा में 10 से 12 वर्ष, सातवीं कक्षा में 11 से 13 वर्ष, आठवीं कक्षा में 12 से 14 वर्ष, नौवी कक्षा में 13 से 15 वर्ष और 10वीं कक्षा में 14 से 16 वर्ष निर्धारित है।

# छत्तीसगढ़ के शशांक सिंह का चयन आईपीएल में, हैदराबाद टीम का होंगे हिस्सा



**रायपुर।** दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट लीग आईपीएल में छत्तीसगढ़ के शशांक सिंह को 20 लाख की बेस प्राइज में खरीदा गया है। अपकैप्ड खिलाड़ी शशांक को हैदराबाद टीम ने खरीदा है। शशांक सिंह राइट हैंड बेस्टमैन-राइट आर्म मीडियम पेशर गेंदबाज हैं। आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स व राजस्थान रायल के सदस्य रहे हैं। राज्य के पांच खिलाड़ियों का नाम आक्शन लिस्ट में था। इसमें छत्तीसगढ़ टीम के कप्तान हरप्रीत सिंह भाटिया की बेस प्राइज 40 लाख के अलावा अमनदीप खरे, अजय मंडल, शुभम सिंह और शुभम अग्रवाल की बेस प्राइज 20 लाख थी।

शशांक सिंह मूलतः राजस्थान के रहने वाले हैं। 2019 में छत्तीसगढ़ रणजी टीम में उनको मौका मिला। इससे पहले मुंबई टीम में खेलते थे। शशांक अब रायपुर में रहते हैं। और छत्तीसगढ़ टीम के लिए लगातार बेहतर प्रदर्शन करते आए हैं।

# छत्तीसगढ़ के इंजीनियरिंग छात्र देश की बड़ी कंपनियों में कर सकेंगे इंटर्नशिप, एआईसीटीई ने तकनीकी शिक्षा के छात्रों के लिए तैयार की नीति

**रायपुर (ए)।** देश की बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप करने की चाह रखने वाले प्रदेश के इंजीनियरिंग छात्रों के लिए राहें आसान हो चुकी है। आल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) इंटर्नशिप योजना के तहत छात्र अपने पसंदीदा कंपनी में आसानी से इंटर्नशिप कर सकते हैं। आल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन (एआईसीटीई) ने जो पोर्टल बनाया है, उसमें देश की 40 हजार कंपनियां जुड़ी हैं। इंटर्नशिप के लिए छात्र अब इसमें जाकर कंपनी का चयन कर सकेंगे।



#### एआईसीटीइ ने राष्ट्रीय स्तर बनााय पोर्टल

एआईसीटीई की केंद्रीय टीम और तकनीकी शिक्षा विभाग की बैठक में इस योजना के तहत इंटर्नशिप को अनिवार्य किया गया है। बता दें, इंजीनियरिंग के छात्रों को शिक्षा के दौरान विषय की बारीकियां सीखने निश्चित अवधि के लिए कंपनियों में जाकर प्रशिक्षण लेना होता है।

अधिकांश छात्र, कई तरह की कठिनाइयों के चलते मनचाही कंपनियों में इंटर्नशिप नहीं कर पाते हैं। इसे देखते हुए एआईसीटीई ने राष्ट्रीय स्तर की 40 हजार कंपनियों को एक पोर्टल में लाकर छात्रों को एक बढ़िया अवसर दिया है। एआईसीटीई पोर्टल में जाकर ऑनलाइन पंजीयन कर किसी भी कंपनी में इंटर्नशिप कर सकते हैं।

#### छत्तीसगढ़ के 13,500 से अधिक छात्रों को लाभ

वर्तमान में एआईसीटीई इंटर्नशिप योजना में इंजीनियरिंग व डिप्लोमा के छात्रों को अवसर दिए जा रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों को छोड़ दें तो राज्य के सरकारी व प्राइवेट इंजीनियरिंग कालेजों में 13,500 इंजीनियरिंग व डिप्लोमा के छात्र अध्ययन कर रहे हैं। इन्हें एआइसीटीई के इस योजना का लाभ मिलेगा।

#### इंजीनियरिंग कालेजों को मिला प्रशिक्षण

एआईसीटीई व राज्य तकनीकी शिक्षा विभाग ने एआइसीटीई इंटर्नशिप योजना को बढ़ावा देने एक दिन का प्रशिक्षण रखा। इसमें इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य समेत 60 प्राध्यापक शामिल हुए। एआइसीटीई के अधिकारियों ने कालेज प्रबंधनों को पोर्टल में छात्रों की जानकारी भरने व छात्रों में इस अवसर को लेकर जागरूकता की बात कही।

# छत्तीसगढ़ में 6वीं से 12वीं तक के स्कूल खुलें, बच्चों की चहल-पहल बढ़ी

**रायपुर (ए)।** राजधानी समेत जिले की तमाम निजी-सरकारी स्कूलों में सोमवार फिर से रौनक देखने को मिली। बच्चों के स्कूल आने के बाद यहां बच्चों के चहल-पहल से रौनक हो गई है। हालांकि अभी तक प्राइमरी के स्कूलों को खोलने की अनुमति नहीं मिली है। उनकी कक्षाएं ऑनलाइन ही चलेंगी।

#### डेढ़ महीने बाद खोलने की अनुमति

करीब डेढ़ महीने के अंतराल के बाद जिला प्रशासन ने रायपुर में आंगनबाड़ी केंद्र और कक्षा छठवीं से 12वीं तक स्कूल शत-प्रतिशत क्षमता के साथ खोलने की अनुमति दे दी है। यह अनुमति पिछले शुक्रवार को ही मिल चुकी है। शनिवार को आदेश प्रसारित नहीं होने से बच्चे स्कूल नहीं पहुंचे थे अब स्कूलों में बच्चों की चहल-पहल देखने को मिलेगी। इसी के साथ प्रैक्टिकल परीक्षाएं भी जिन-जिन स्कूलों में नहीं हुई थी वहां पूरी कर ली जाएगी।

#### प्रैक्टिकल और बोर्ड परीक्षाओं के लिए किया मंथन

इधर, जिला शिक्षा अधिकारी एएन बंजारा ने बीपी पुजारी स्कूल में प्राचार्यों की बैठक लेकर बोर्ड परीक्षा के लिए मंथन किया। 10वीं-12वीं की बोर्ड की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 15 फरवरी तक खत्म हो जाएंगी। वहीं वार्षिक परीक्षा मार्च से शुरू होगी। 12वीं बोर्ड परीक्षा दो मार्च से 30 मार्च 2022 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय प्रात: नौ बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगा। इसी तरह 10वीं की परीक्षा तीन से 23 मार्च 2022 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा का समय प्रात: नौ बजे से दोपहर 12.15 बजे तक होगा। इसके लिए अगले सप्ताह में एडमिट कार्ड जारी होंगे।

#### चार फीसद से अधिक संक्रमण वाले जिले में ऑफलाइन पढ़ाई

उच्च शिक्षा विभाग के सचिव भुवनेश यादव ने बताया कि यूजीसी के निर्देश से पहेल ही हमने यहां पर कालेजों और अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों को खोलने की अनुमति दी है। प्रदेश में घटते कोरोना संक्रमण को देखते हुए चार फीसद तक संक्रमण की दर वाले जिलों में कालेज खोलने व आफ्लाइन पढ़ाई के निर्देश दिए गए हैं।

## नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान






















# 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' का नया ट्रेलर रिलीज, 6 मई को सिनेमाघरों में आएगी फिल्म

मार्वल की आगामी फिल्म 'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफमैडनेस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर दमदार है और फैंस की उम्मीदों पर खरा उतरा है। ट्रेलर की शुरुआत एक सपने से होती है और फिर यही सपना लोगों की नींदें उड़ाने के लिए काफी है। स्ट्रेंज के कंधे पर दुनिया को बचाने की जिम्मेदारी है।



'डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस' में भी दर्शकों को मल्टीवर्स ट्रैक देखने को मिलेगा, जिसकी वजह से इंसानों की दुनिया खतरें में नजर आएगी। डॉक्टर्स स्ट्रेंज कैसे मल्टीवर्स का दरवाजा खोलेगा और वो इससे आने वाली परेशानियों से इंसानों की दुनिया को कैसे बचाएगा, इसका खुलासा 6 मई को होगा। डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस स्कॉट डेरिकसन की साल 2016 में आई फिल्म डॉक्टर स्ट्रेंज का अगला भाग है। बेनेडिक्ट कंबरबैच अभिनीत डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस में एलिजाबेथ ओल्सन और जोचिटल गोमेज भी हैं। सैम राइमी फिल्म के निर्देशिक हैं और केविन फीगे इसके निर्माता हैं। डॉक्टर स्ट्रेंज इन द मल्टीवर्स ऑफ मैडनेस इसी साल 6 मई को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# मौनी रॉय से तेजस्वी प्रकाश तक, नागिन बनने के लिए अभिनेत्रियों ने एकता कपूर से मांगी मोटी रकम

**एकता कपूर का सुपरनैचुरल शो 'नागिन' फैंस के बीच काफी पॉपुलर है। इस शो के पांच सीजन आ चुके हैं और अब छठा सीजन टेलीकास्ट हो गया है, जिसमें तेजस्वी प्रकाश नागिन के अवतार में नजर आ रही हैं। इससे पहले नागिन के रूप में करिश्मा तन्ना, सुरभि ज्योति, निया शर्मा समेत कई अभिनेत्रियां नजर आई हैं और इन अभिनेत्रियों को एकता कपूर ने फीस के रूप में मोटी रकम दी थी। आइए आपको 'नागिन' के रूप में नजर आईं सभी अभिनेत्रियों की फीस के बारे में बताते हैं।**





## मौनी रॉय

मौनी रॉय एकता कपूर के इस सीरियल की पहली नागिन हैं। मौनी नागिन के रूप में पहले और दूसरे सीजन में नजर आई थीं, जिसमें उन्हें दर्शकों ने बेहद पसंद किया। इस सीरियल ने मौनी की पॉपुलैरिटी को आसमान तक पहुंचा दिया। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्ट्रेस एक दिन के शूट के लिए 2 लाख रुपए एकता कपूर से फीस के तौर पर लेती थीं।

## सुरभि ज्योति

सुरभि ज्योति 'नागिन' के तीसरे सीजन में नजर आई थीं। उन्होंने इस सीरियल में 'बेला' का किरदार निभाया था। रिपोर्ट्स की मानें तो सुरभि ज्योति इस सीरियल में एक दिन की शूटिंग के लिए 60 हजार रुपये चार्ज करती थीं।

## करिश्मा तन्ना

करिश्मा तन्ना भी 'नागिन 3' में नजर आई थीं। उन्होंने इस सीरियल में रूही का किरदार निभाया था। शो में करिश्मा और सुरभि ज्योति का किरदार एक ही था। इस सीरियल के शुरुआती एपिसोड में ही करिश्मा तन्ना के चेहरे को बदलता हुआ दिखाया गया था और बाद में करिश्मा की जगह सुरभि ज्योति ने बेला के नाम से ली थी। दावा है कि करिश्मा ने एक दिन की शूटिंग के लिए 50 हजार रुपये लिए थे।

## अनीता हसनंदानी

अनीता हसनंदानी टीवी की पॉपुलर नागिन हैं, जो इस शो के कई सीजन में नजर आ चुकी हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अनीता ने शो के एक एपिसोड के लिए 50 हजार रुपए फीस के तौर पर लिए थे।

## हिना खान

एक्ट्रेस हिना खान 'नागिन' सीजन 5 के सिर्फ तीन एपिसोड में नजर आई थीं लेकिन इन तीन एपिसोड में ही उनके लुक ने फैंस का दिल जीत लिया था। इसके लिए हिना खान ने मोटी रकम वसूली थी। दावा है कि हिना खान ने 'नागिन 6' का हिस्सा बनने के लिए डेढ़ से 2 लाख रुपए फीस के तौर पर मांगे थे।

## निया शर्मा

निया शर्मा 'नागिन 4' में नजर आई थीं। ये सीजन ज्यादा पॉपुलर नहीं हुआ लेकिन निया का लुक सबको पसंद आया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक निया को एक दिन की फीस 40 हजार रुपए मिलती थी।

## सुरभि चंदना

सुरभि चंदना ने 'नागिन 5' में अपना जलवा दिखाया था। उनका नागिन अवतार फैंस को खूब पसंद आया था। दावा है कि सुरभि चंदना इस शो के एक एपिसोड के लिए एक लाख बीस हजार रुपए फीस चार्ज करती थीं।

## तेजस्वी प्रकाश

तेजस्वी प्रकाश एकता कपूर की नई नागिन हैं। वह सीजन 6 में नजर आ रही हैं। इस सीजन के लिए एकता कपूर ने पानी की तरह पैसों को बहाया है। दावा है कि 'नागिन 6' के लिए एकता कपूर ने लगभग 130 करोड़ रुपये दांव पर लगाए हैं। हालांकि, इस शो के लिए तेजस्वी प्रकाश को क्या फीस मिल रही है अब तक इसका खुलासा नहीं हुआ।

# नेशनल अवार्ड विनर उषा बनीं स्पेन फिल्म फेस्टिवल की खास मेहमान, कहानियों में बदलाव की जरूरत पर दिया जोर



उषा जाधव पिछले कई महीनों से यूरोपीय सिनेमा में सक्रिय रही हैं। स्पेन में रहकर वहां की भाषा सीखने के अलावा उषा ने स्पेन में कुछ जानदार परियोजनाओं पर भी काम किया है। वह वहां भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार तो कर ही रही हैं, सिनेमा प्रेमियों का एक समूह बनाकर वह वहां देश की कलात्मक और सिनेमाई विविधता के बारे में भी लोगों को जागृत कर रही हैं। उषा बताती हैं, 'यूरोप में भारतीय सिनेमा के चाहने वाले शुरू से रहे हैं, लेकिन हाल के दिनों में उनकी भारतीय सिनेमा से उम्मीदें काफी बढ़ी हैं।'


> सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीत चुकीं उषा जाधव की स्पेन के नेशनल फिल्म फेस्टिवल में खास मेहमान की तौर पर शिरकत की खबर से हिंदी और मराठी सिनेमा झूम उठा है। लोग उनको फोन पर और सोशल मीडिया पर बधाई संदेश दे रहे हैं। वहीं, उषा ने स्पेन से कहा कि दुनिया भर में जिस तेजी से सिनेमा में भाषाई सरहदें धुंधली हो रही हैं, उसके चलते अब हर देश में कहानियों में बदलाव की जरूरत दिख रही है। अब लोग ऐसा सिनेमा देखना चाह रहे हैं जो वर्ण, वर्ग और लिंग भेद से ऊपर उठकर एक वैश्विक नजरिये से कहानी कह सकें।

कोरोना संक्रमण काल के बीच उषा ने स्पेन में रहकर तमाम सामाजिक कार्य किए और वहां से यहां मुंबई के कुछ स्वयंसेवी समूहों की भी आवश्यक मदद पहुंचाई। उषा कहती हैं, 'हर सम्मान मेरी जिम्मेदारी में इजाफा करता है। लोग अगर भारतीय सिनेमा में किए मेरे काम की सराहना करते हैं और उसका सम्मान करने के लिए ही मुझे स्पेन के नेशनल फिल्म फेस्टिवल जैसे आयोजन गोया में बुलाते हैं तो ये मेरे भारतीय दर्शकों का भी सम्मान है। वह कहती हैं कि मेरी फिल्मों की कहानियों की चर्चा यहां के फिल्म समूहों में होती है तो मुझे गर्व होता है।'

इससे पहले भी हाल ही में उषा को एक ऐसे कार्यक्रम में भी बुलाया गया जिसमें मौजूद सितारों को बदलते दौर की 'एसेंशियल वॉयसेस' में से एक माना गया। इस कार्यक्रम में उन्होंने सिर्फ भारत का ही नहीं बल्कि एशिया का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ इस चर्चा में अफ्रीका और यूरोप के कलाकारों के अलावा लैटिन अमेरिका के कलाकारों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान बहस इस बात पर भी हुई कि कैसे ढर्रे पर चलती आ रही चीजों में बदलाव लाया जाए और कैसे दृश्य श्रव्य माध्यम में विविधता को प्रोत्साहित किया जाए। स्पेन के खेल व संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम का आयोजन स्पैनिश एसोसिएशन ऑफ वीमन इन फिल्म्स एंड टीवी और सीमा के साथ कूफिल्म ने मिलकर किया।

# वैलेंटाइन डे पर फैंस को बड़ा तोहफा देंगे प्रभास 'राधेश्याम' का नया पोस्टर शेयर कर कही ये बात

साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार प्रभास और पूजा हेगड़े की अपकमिंग फिल्म 'राधेश्याम' का फैंस के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है। इस फिल्म के रिलीज होने का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और ये इंतजार मार्च महीने में ही खत्म होगा। कुछ समय पहले ही फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ था, जिसने इंटरनेट पर धमाल मचा दिया था। वहीं, अब इस फिल्म का नया पोस्टर सामने आया है, जिसमें प्रभास और पूजा हेगड़े का जबरदस्त अंदाज देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर के साथ प्रभास ने फैंस को बताया है कि वह फिल्म से जुड़ा बड़ा एलान वैलेंटाइन डे पर करेंगे।




दरअसल, प्रभास ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर में पूजा हेगड़े होली खेलती हुई नजर आ रही हैं। पोस्टर में देखा जा सकता है पूजा हेगड़े के हाथों पर पिंक कलर का गुलाल लगा है और वह सबके बीच होली खेल रही हैं। दूसरी तरफ प्रभास एक सोच में खोए हुए हैं। इस दौरान प्रभास के बैकग्राउंड फूलों वाला दिया हुआ है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए प्रभास ने बताया है कि वह 'वैलेंटाइन डे' यानी 14 फरवरी को फिल्म से जुड़ी एक बहुत बड़ी जानकार देने वाले हैं। चार अलग-अलग भाषाओं में इस पोस्टर को शेयर करते हुए प्रभास ने कैप्शन में लिखा, 'हमारे पास आप सभी के लिए एक खास दिन के लिए कुछ खास है। बने रहें।' इसके साथ प्रभास ने 'राधेश्याम' का हैशटैग भी इस्तेमाल किया है। सोशल मीडिया पर 'राधेश्याम' का नया पोस्टर काफी पसंद किया जा रहा है। महज दो घंटे में इस पोस्टर को 3 लाख 79 हजार से भी ज्यादा लाइक्स मिल गए थे।

प्रभास और पूजा हेगड़े की फिल्म 'राधेश्याम' 14 जनवरी 2022 को मकर संक्राति के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन कोरोना की वजह से मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट के आगे बढ़ा दिया। ये फिल्म अब 11 मार्च 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। ये फिल्म तमिल, तेलुगु के अलावा कन्नड़, मलयालम और हिंदी में भी रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन कृष्ण कुमार ने किया है।

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

लिजना स्पोर्ट्स वियर
हमारे यहां सुपरपॉली, कसरा, ड्राईफिट, एन.एस लावकरा आदि कपड़ों के लोवर, चड्डा, बनाये जाते है, एवं स्पोर्ट्स की टी-शर्ट होलसेल रेट में बनाए जाते हैं
संबंधित संस्थान New J.P. Sports
Shop No. E-20, Circular Market, Camp-2, Bhilai
Mo. Lovely: 9993338252, 9300878988

श्रीराम कलेक्शन
बच्चों के आकर्षक रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर
■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

रामजाने स्वादिष्ट चाट भंडार
शादी एवं पार्टी में ऑर्डर लिया जाता है
संपर्क करें : 8871247959

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरुम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिज़ाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

## खास खबर

### जन घोषणा पत्र के वादा खिलाफी से नाराज स्वास्थ्य संयोजक आंदोलन की राह पर

**कांकेर।** कांग्रेस द्वारा चुनाव की जन घोषणा पत्र के वादा खिलाफी से नाराज स्वास्थ्य संयोजक ने भी अन्य कर्मचारी संगठन के तर्ज पर शासन के खिलाफ आंदोलन का बिगुल बजा दिया है। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने चुनावी जन घोषणा पत्र में स्वास्थ्य संयोजक की वेतन विसंगति दूर करने का उल्लेख किया था। कोरोना का हाल के दौरान भी स्वास्थ्य मंत्री द्वारा मीडिया में स्वास्थ्य कर्मियों को अतिरिक्त वेतन वृद्धि देने की बात की थी। किंतु इस पर आज तक कुछ भी नही किया गया। इन मुद्दों पर स्वास्थ्य संयोजकों ने ऑनलाइन बैठक में रणनीति बनाकर कोविड -19 महामारी के सामान्य होते ही अनिश्चितकालीन आंदोलन की ठान ली है। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी स्वास्थ्य विभाग का वह अमला है, जिसने कोविड -19 महामारी में मरीजों के ट्रेसिंग, टेस्टिंग, सैंपलिंग, होम आइसोलेशन में मरीजों के उपचार एवं काउंसलिंग के साथ ही टीबी, कुष्ठ, मलेरिया, मरीजों की जांच उपचार, गर्भवती माताओं की जांच व प्रसव कार्य भी नियमित रूप से करते आ रहे हैं।

### बीट प्रभारियों की मीटिंग में कम्युनिटी पुलिसिंग पर दिया जोर

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा जिले में चुस्त दुरुस्त पुलिसिंग हेतु नया पहल करते हुए प्रत्येक थाने के बीट प्रभारियों का मीटिंग लेकर उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है । मीटिंग को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल ने कहा कि जनता से थाना प्रभारी का जुड़ाव तो रहता ही है किंतु थाना क्षेत्र अलग.अलग बीट में विभाजित रहता है । जनता का सीधा सम्बन्ध बीट प्रभारी से रहता है ।बीट प्रभारी जनता से मित्रवत संबंध रखेंगे तो जिले की पुलिसिंग और अधिक मजबूत होगी और अपराधों एवं अपराधिक तत्वों पर अंकुश लगाने में जनता का प्रत्यक्ष सहयोग मिलेगा । साथ ही बीट में घटित होने वाली हर छोटी.बड़ी घटनाओं की जानकारी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचेगी । मजबूत बीट होने से एक तरफजहां बेसिक पुलिसिंग मजबूत होगा वही जनता से जुड़े होने से सामुदायिक पुलिसिंग के क्षेत्र में भी अच्छा कार्य किया जा सकेगा।

डॉ. हंसा शुक्ला स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने के बाद मिली मंजू वोरा से

# शहर को स्वच्छ और सुंदर के साथ अव्वल बनाने में पूर्ण सहयोग दें- डॉ. हंसा शुक्ला

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में दुर्ग को अव्वल बनाने के लिए निगम ने ब्रांड एम्बेसडर की सूची जारी कर 43 एम्बेसडरो को जिम्मेदारी दी गई।**



इस क्रम में सोमवार को ब्रांड एम्बेसडर स्वरूपानंद महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीमती हंसा शुक्ला ने जनभागीदारी अध्यक्ष एव गर्ल्स कॉलेज की उपाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शर्मा के साथ विंधायक निवास पहुँचकर मुलाकात की।

विंधायक एवं महापौर धीरज बाकलीवाल एवं श्रीमती मंन्जु वोरा ने बधाई व शुभकानाएं देते हुए उन्हें कहा कि दुर्ग को अव्वल लाने के लिए आपको जिम्मदारी दी गई है।

आप जनता से स्वच्छ्ता के प्रति फीडबैक लेंगे साथ ही जगह जगह जागरूकता अभियान भी चलाएगे। महापौर ने बताया कि ब्रांड एम्बेसडर के सुझावों के आधार पर एक्शन प्लान बनाया जाएगा एवं जनता से पूरा निरन्तर फीडबैक लिया जाएगा। ब्रांड एम्बेसडर डॉ श्रीमती हंसा शुक्ला ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 निगम द्वारा ब्रांड एम्बेसडर बनाने के लिए धन्यवाद अर्पित किया और कहा कि शहरी स्वच्छता के लिए बच्चो में स्वच्छता के संस्कारों के बीज अंकुरित करने होंगे। बच्चों को बचपन से ही स्वच्छता के लिए प्रेरित करना जरुरी है जिससे आगे जाकर वह स्वयं भी अन्य को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि स्वच्छता ही सेवा है और सेवा को जितना किया जाए उतना कम है, शहरी स्वच्छता हो या गांवों की स्वच्छता ये सामुदायिक सहभागिता से ही संभव है। इसलिए स्वच्छता के इस महायज्ञ में सभी आहुति देकर शहर को स्वच्छ और सुंदर व अव्वल बनाने में पूर्ण सहयोग दें।

## नौ जिलों के 48 उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** किसानों को उचित मूल्य पर उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कल बेमेतरा, राजनांदगांव, रायपुर, जांजगीर-चांपा, गरियाबंद, दुर्ग, बलौदाबाजार, धमतरी एवं कबीरधाम के 92 उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों एवं बिक्री केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इन केन्द्रों में उर्वरक विक्रय में अनियमितता पाये जाने पर 48 केन्द्रों पर कार्रवाई की गई है। टीम द्वारा बलौदाबाजार जिले के तीन उर्वरक केन्द्रों के लायसेंस निलंबित कर दिए गए हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार गरियाबंद जिले में 20 केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें से उर्वरक विक्रय में अनियमितता पाये जाने के कारण 18 केन्द्रों में विक्रय प्रतिबंध कर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार बेमेतरा जिले में 08 केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें से 02 केन्द्रों में अनिमियतता पाये जाने पर विक्रय प्रतिबंध कर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। रायपुर तथा जांजगीर जिले में क्रमशः 15 एवं 05 केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें रायपुर के 05 केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं जांजगीर में 02 केन्द्रों में विक्रय प्रतिबंध करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। दुर्ग जिले में 07 केन्द्रों का निरीक्षण किया गया जिसमें से 03 केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस एवं 01 केन्द्र को विक्रय प्रतिबंध कर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इसी प्रकार राजनांदगांव जिले में 04 केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 03 केन्द्रों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

## मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने बेवरती गौठान का किया अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने आज कांकेर विकासखण्ड के ग्राम बेवरती के गौठान का अवलोकन कर गौठान में वर्मी कम्पोस्ट निर्माण के साथ ही मछली पालन, मुर्गी पालन, बकरी पालन, बटेर पालन, बतख पालन, खरगोश पालन इत्यादि कार्यों की जानकारी ली एवं समूह के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक मात्रा में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण करने के लिए समझाईश देते हुए कहा कि गौठान में जो भी सीख रहे है, उसे अपने घरों में अपनायें और ज्यादा से ज्यादा लाभ कमायें। जिमीदारीन एवं जय बूढ़ी माता महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों से चर्चा करते हुए टेसू से गुलाल बनाने प्रोत्साहित किया गया। गौठान में गोबर से गो-काष्ट बनाये जा रहे हैं। गौठान में मिनी राईस भी स्थापित की गई है, जिसके संचालन की जिम्मेदारी ''जिमीदारीन महिला स्व-सहायता'' समूह के सदस्यों को सौंपा गया है।

गौठान के पास ही 02 एकड़ जमीन में जय बूढ़ी मॉ एवं महानदी महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों द्वारा सब्जी उत्पादन का कार्य किया जा रहा है, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा एवं कलेक्टर चन्दन कुमार द्वारा की गई एवं समूह के सदस्यों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि विज्ञान केंद्र कांकेर के तकनीकी मार्गदर्शन में आलू इत्यादि सब्जी की खेती किया जा रहा है।

## मनरेगा सरकारी खैरात या राहत कार्य नहीं बल्कि ग्रामीण मजदूरों का कानूनी अधिकार है : संघ

श्रीकंचनपथ न्यूज

### हम सब मजदूरों को 100 दिन काम नहीं दे सकते - पंचायत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ श्रमिक मंच के तत्वावधान में आज चंदखुरी में मनरेगा मजदूरों का दुर्ग ग्रामीण परिक्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित हुआ, मजदूरों को संबोधित करते हुए मनरेगा मजदूर कल्याण संघ के अध्यक्ष राकेश कौशिक, पूरनलाल साहू, ढालेश साहू और हेमंत बंजारे ने मनरेगा कानून में मजदूरों के अधिकार और कर्तव्य के बारे में विस्तार से जानकारी दिया और कहा कि मनरेगा सरकारी खैरात या राहत कार्य नहीं है बल्कि मजदूरों का कानूनी अधिकार है गांव में ही रोजगार देकर मजदूरों को पलायन करने से रोकने के लिये अधिनियम बनाया गया है,

मनरेगा मजदूरों को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ श्रमिक मंच के अध्यक्ष एड. राजकुमार गुप्त ने क्षेत्रीय विधायक और मंत्री ताम्रध्वज साहू को निशाने में लेते हुए कहा कि मनरेगा कानून केंद्र के कांग्रेस सरकार ने 2005 में बनाया है राज्य में कांग्रेस की सरकार है और मनरेगा कानून के प्रावधानों को लागू करना राज्य की कांग्रेस सरकार की जिम्मेदारी है मगर पंचायत सचिव और जनपद के सीईओ सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि सभी मजदूरों को 100 दिनों का काम देना संभव नहीं है वही काम की मांग करने वाले मजदूरों पर गांव का माहौल बिगाड़ने का आरोप लगाते हैं और ऐसे लोगों को जेल भेजने की धमकी देते हैं। केंद्र की मोदी सरकार और राज्य की बघेल सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने आगे कहा कि बजट में 25 हजार करोड़ की कटौती करके मोदी सरकार ने संदेश दिया है कि अगले साल मजदूरों को 50 दिनों का काम देने का उनका इरादा नहीं है, बघेल सरकार ने राज्य के बजट से 50 दिन का अतिरिक्त काम देने का ढोल पीटा था किंतु पिछले साल के बजट में मनरेगा के लिये राशि का प्रावधान ही नहीं किया था उन्होंने बघेल सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि वह बताये कि मार्च में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में राज्य के बजट से कितने मजदूरों को और कितने दिनों का काम दिया गया है। और लता चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया।

# कर्णेश्वर मेला महोत्सव की हो रही तैयारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नगरी। कर्णेश्वर धाम में मांघ पूर्णिमा मेला की तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है मन्दिर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है परिसर में आकर्षक चित्रकारी व रंग रोगन ,विधुत सजावट पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है पेयजल के लिये भटकना नही पड़ेगा। सफ़ाई व्यवस्था दुरुस्त किया जा रहा है सुरक्षा को लेकर पुलिस के जवान तैनात रहेंगे।**



पांच दिनों तक यहाँ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे 15 फ़रवरी को प्रज्ञा पंडवानी साल्हेभाट, सरोना,16फ़रवरी कविता वासनिक कृतअनुराग धारा राजनादगांव ,17फ़रवरी को पूनम विराट कृत रंग छत्तीसा राजनांदगांव,18फ़रवरी को लोक प्रयाग राजिम व 19फ़रवरी को राज्य स्तरीय सामुहिक डांस प्रतियोगिता की प्रस्तुति होगी । ऐतिहासिक व धार्मिक महत्व के चलते कर्णेश्वर मेले में हर वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या हजारों की तादाद में होती है।

मेले की व्यवस्था में ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता, संरक्षक कैलास पवार ,उपाध्यक्ष राम प्रसाद मरकाम,सचिव ललित शर्मा, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर,सह सचिव रामभरोस साहू,शिव कुमार परिहार, नागेन्द्र शुक्ला,गगन नाहटा,कैलाश प्रजापति,कमलेश मिश्रा कलम सिंह पवार रविदुबे,प्रकाश बेश,दीपक यदु,योगेश साहू,,रवि ठाकुर,छबि ठाकुर ,भरत निर्मलकर, योगेश साहू,कमल डागा,पेमन स्वर्णबेर,रुद्र प्रताप नाग,उत्तम साहू,मोहन पुजारी,,नोहर साहू,तेज नाथ साहू,प्रकाश सार्वा,पवन भट्ट रामलाल नेताम,,सचिन भन्साली,राम गोपाल साह,राकेश चौबे,प्रताप सुरेशा, महेंद्र कौशल, ललित निर्मलकर, पंकज ध्रुव,मिलेश साहू,प्रवीण गुप्ता,अमर सिंह पटेल ईश्वर जांगड़े,अंजोर निषाद,मनोहर मानिकपुरी,हृदय साह ,महेंद्र धेनुसेवक,प्रेमजीत छाबड़ा, दुर्गेश कश्यप, रवि भट्ट,हनी कश्यप, अश्वनी निषाद नन्द यादव ,बंटी जैन,भानु साहू प्रकाश सार्वा आदि जुटे हुए हैं।

## कलेक्टर ने किया मोहल्ला क्लास का अवलोकन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर। कलेक्टर रजत बंसल ने शनिवार को जैतगिरि में संचालित मोहल्ला क्लास का अवलोकन किया। इस दौरान उनके साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रोहित व्यास, सहायक कलेक्टर सुश्री सुरुचि सिंह उपस्थित थीं।**

कलेक्टर श्री बंसल ने यहां बच्चों के साथ ही शिक्षा प्रदान करने वाले स्वयंसेवकों के साथ बातचीत भी की और उनकी सराहना की। कलेक्टर ने यहां उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं की समस्या सुनी और तत्परता पूर्वक समाधान के निर्देश बकावंड जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को दिए।

बचपन में खो दिया माँ-बाप को, जिंदगी रही चुनौतियों से भरी हुई, अब स्कूली बच्चों के भविष्य को संवारने की कोशिश कर रहे हैं डोमेश्वर

कोरोना के कारण बन्द स्कूलों से बच्चे शिक्षा से दूर न हो जाएं, इसलिए बस्तर जिले में प्रशासन ने स्वयं सेवकों की सहायता से मोहल्ला कक्षाओं का संचालन करना प्रारंभ किया। जैतगिरि के मोहल्ला कक्षा के संचालन में यहां के स्थानीय युवा डोमेश्वर भारती ने भी उत्साह के साथ योगदान दिया। लगभग आठ-नौ वर्ष की उम्र में ही अपने माता-पिता की मृत्यु के बाद बहुत ही चुनौती भरी जिंदगी जीने को मजबूर हुए डोमेश्वर ने किसी प्रकार से आठवीं तक शिक्षा ग्रहण करने के बाद यहीं संचालित पूर्व माध्यमिक शाला में सफ़ाईकर्मी के रूप में सेवा दे रहे हैं। बच्चों को पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए वे भी स्वयंसेवक के तौर पर सहायता कर रहे हैं, ताकि किसी भी बच्चे का भविष्य अंधकारमय न हो।

इसके साथ ही युवोदय के माध्यम यह लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, रोजगार सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के संबंध में भी जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं।


बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा मीना साहनी बनना चाहती हैं प्रशासनिक अधिकारी जैतगिरि में संचालित मोहल्ला क्लास के संचालन में स्वयंसेवक के तौर पर योगदान दे रही मीना साहनी की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। मीना स्वयं बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा हैं और स्नातक की पढ़ाई के बाद वे प्रशासनिक अधिकारी बनने की तैयारी करेंगी।

## निगम ने सड़क में तीन जगहों में रखें सी एंड डी वेस्ट मलबा को उठवाया

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम/ आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा सी एंड डी वेस्ट भवन निर्माण सामग्री या मलबा सड़क पर मलबा न डाले निगम द्वारा आज इन वार्डो से उठवाया गया सी एंड डी वेस्ट भवन सामग्री वार्ड 30,वार्ड 28,रायपुर नाका वार्ड 47 समेत से उठाकर 2 ट्रिप मलबा पचरी पारा रविशंकर स्टेडियम के पीछे डंप किया गया। निगम द्वारा उचित मूल्य लेकर सीएनडी वेस्ट कंट्रक्शन एंड डिमोलिशन भवन मलबा को सड़क किनारे पड़े हुए को उठवाने के लिए निगम द्वारा नम्बर जारी किया गया है ऐसे में आपको अपने घर के आस पास या आपका खुद का सी एंड डी भवन वेस्ट मटेरियल पड़ा हुआ हो तो निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट मलबा संग्रहण और परिवहन वाहन एक कॉल से आपके घर पर पहुचकर उचित मूल्य पर उड़ाएगी।








































## ससुराल में दामाद ने की महिला से गंदी हरकतः शराब के नशे में करने लगा छेड़छाड़, गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में शराब के नशे में दामाद अपने ससुराल में घुस गया और महिला से गंदी हरकतें करने लगा। उसके चिल्लाने और विरोध करने पर वह भाग निकला। इस घटना की जानकारी सामने उसकी पत्नी ने भी विरोध किया और पति को सजा देने की बात कही। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है।

टीआई परिवेश तिवारी ने बताया कि लिंगियाडीह निवासी रामगोपाल यादव (28) प्राइवेट जॉब करता है। वह शराब पीने का आदी है। सरकंडा क्षेत्र में ही उसका ससुराल है। रविवार की देर शाम करीब 7 बजे वह शराब के नशे में धुत होकर ससुराल पहुंचा। इस दौरान वह मौका पाकर अपने साले की 20 वर्षीय पत्नी के कमरे में घुस गया



और गंदी हरकतें करने लगा। महिला के चिल्लाने और विरोध करने पर रामगोपाल वहां से भाग निकला। महिला ने इस घटना की जानकारी अपने पति को दी। फिर शिकायत करने थाना पहुंच गई।

### पत्नी ने भी दिया भाभी का साथ

इस घटना की जानकारी आरोपी रामगोपाल की पत्नी को हुई, पति की हरकतों को सुनने के बाद उसने अपनी भाभी का पक्ष लिया। उसने पुलिस से कहा कि उसके पति के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाए। बताया जा रहा है कि जिस समय आरोपी रामगोपाल अपने साले के घर पहुंचा, उस समय उसका साला घर में नहीं था। उसकी पत्नी को अकेली पाकर वह जबरदस्ती करने लगा।

## खास-खबर



### पाइप दुकान की छत उखाड़कर नकदी और सामान ले गए चोर

**बिलासपुर (ए)।** राजकिशोर नगर में चोरों ने सेनेटरी दुकान की छत उखाड़कर नकदी रकम और सामान ले गए। दुकान संचालक ने इसकी शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। सरकंडा क्षेत्र के श्याम नगर लिंगियाडीह में रहने वाले भुनेश्वर कश्यप राजकिशोर नगर के चुन्नी सिंह तालाब के पास सेनेटरी ट्रेडर्स का संचालन करते हैं। शुक्रवार की रात वे दुकान बंद कर अपने घर चले गए। शनिवार की सुबह जब वे दुकान आए। इसी बीच उनका पड़ोसी दुकानदार भी वहां आ गया। उसने तालाब के पास पड़े कटोरियों और चिल्लर र्स्पयों को दिखाते हुए आसपास में चोरी की आशंका व्यक्त की। इस पर भुनेश्वर वहां पहुंचकर कटोरियों को देखने लगे। उन्होंने अपने गल्ले में रखे कटोरियों को पहचानते हुए बताया कि ये उनके दुकान का सामान है। इसके बाद वे ताला खोलकर अपने दुकान में गए। उन्होंने देखा कि चोरों ने उनकी दुकान के टीन शेड को उखाड़ दिया है। शेड उखाड़कर घुसे चोरों ने पीतल के सामान और सबमर्सिबल केबल पार कर दिया था। इसके अलावा गल्ले से नकदी रकम भी चोर ले गए थे। दुकान संचालक की शिकायत पर पुलिस जुर्म दर्ज कर संदेहियों से पूछताछ कर रही है। दुकान संचालक भुनेश्वर ने बताया कि चोर पीतल के सामान और केबल ले गए थे। इसके अलावा चोर अपने साथ केवल नोट लेकर गए हैं। चोरों ने चिल्हर र्स्पये और स्टील की कटोरी को तालाब के पास ही छोड़ दिया था। पुलिस ने मौके से कटोरी को जब्त किया है। इसके बाद आसपास के नशेड़ियों और बदमाशों से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### युवक की मौत के एक महीने बाद कार चालक पर जुर्म दर्ज

**बालोद (ए)।** देवरी-अर्जुन्दा मुख्य मार्ग पर ग्राम परसाडीह के पास कार की टक्कर से गुनेश्वर यादव (24) निवासी आमटी थाना अण्डा जिला दुर्ग की मौत हुई थी। इस मामले में सुरेगांव थाने में कार चालक के खिलाफ धारा 304 ए, 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मर्ग जांच के दौरान मृतक के परिजनो, पंचनामा के गवाह व घटना के चश्मदीद गवाह से बयान लिया गया।

मृतक गुनेश्वर के भाई पोखन लाल यादव और गवाह अरूण यादव, बालमुकुंद यादव, घनश्याम साहू, कृष्णा यादव, चंद्रशेखर यादव, चश्मदीद उमेश कुमार उर्फ पप्पु ठाकुर से पूछताछ किया। जिसमें यह तथ्य सामने आया कि गुनेश्वर यादव 9 जनवरी को अरूण यादव के साथ बाइक में ग्राम साल्हे बाजार गए थे। जहां से शाम को दोनों वापस ग्राम आमटी जा रहे थे। बाइक को गुनेश्वर यादव चला रहा था। पीछे में अरूण यादव बैठा था। शाम 7:30 बजे ग्राम परसाडीह के पास पहुंचे थे। इसी दौरान अर्जुन्दा तरफ से आ रही सफेद रंग की कार के चालक ने टक्कर मार दी। जिससे गुनेश्वर यादव और अरूण यादव को सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई। दोनों को संजीवनी 108 एंबुलेंस सेे शासकीय अस्पताल देवरी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने गुनेश्वर यादव को मृत घोषित किया। वहीं अरूण यादव को जिला अस्पताल राजनांदगांव रेफर किया गया था।

### गर्लफ्रेंड के उकसाने पर उसके पुराने आशिक को मारा चाकू

## युवती के भाई से कर रहा था मारपीट, बीच बचाव करने युवक पहुंचा तो किया हमला

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में एक युवक ने रविवार को अपनी गर्लफ्रेंड के एक्स ब्वॉयफ्रेंड को चाकू मार दिया। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इस घटना के बाद पुलिस कार्रवाई नहीं होने से नाराज युवक के परिजनों ने देर रात थाने में जमकर हंगामा कर दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी युवती और उसके ब्वॉयफ्रेंड को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि युवती के उकसाने पर ही आरोपी ने युवक पर हमला किया। मामला तारबाहर थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के मुताबिक वायरलेस कॉलोनी में रहने वाली युवती रेखा कोल का शनिवार को जन्मदिन था। वह खपरगंज में रहने वाले अपने प्रेमी आशीष कश्यप के साथ पार्टी करने गई थी। देर रात दोनों घर लौटे तो युवती के परिजन उसे डांट-फटकार लगाने लगे। बात बढ़ी तो उसका ब्वॉयफ्रेंड आशीष युवती के भाई प्रेम से भिड़ गया। इस पर प्रेम ने कॉल करके अपने दोस्त और बहन के एक्स ब्वॉयफ्रेंड दीपक को घर बुला लिया। दीपक को सामने देख रेखा भड़क गई।

दोनों के बीच विवाद होने लगा। आरोप है कि इसी बीच रेखा ने अपने प्रेमी दीपक को उकसाया तो उसने आशीष पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से दीपक खून से लथपथ होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

### बहन बोली- पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

घायल दीपक के दोस्त और उसकी दीदी सोनी राजपूत रविवार को पूरे दिन इस गंभीर मामले में पुलिस कार्रवाई नहीं होने पर तारबाहर थाना पहुंच गए, जहां उन्होंने हंगामा मचाया और पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए। इसके बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने रविवार की रात आरोपी युवक आशीष को पकड़ लिया। परिजन के हंगामा मचाने और हमले में शामिल युवती को बचाने के लिए पुलिस पर आरोप भी लगने लगे।

### नशे में धुत थे दोनों युवक और युवती

परिजनों ने आरोप लगाया कि आशीष कश्यप और युवती शराब के नशे में धुत थे। रात में दोनों कार में घूम रहे थे। घायल दीपक ने भी शराब पी रखी थी। घायल दीपक की बहन ने आरोप लगाया कि युवती के कहने पर ही आशीष ने उसके भाई पर कार से चाकू निकाल कर हमला किया है।

### पुलिस बोली- दोनों आरोपी गिरफ्तार

तारबाहर थाना प्रभारी मिलन सिंह ने बताया कि युवक पर हमला करने वाले आशीष कश्यप (27 साल) और युवती रेखा कोल (23 साल) के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इस मामले में आशीष कश्यप के साथ ही युवती रेखा कोल को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

### हाइवा ने साइकिल सवार महिला को रौंदा

## मौत के बाद आक्रोशित भीड़ ने किया चक्काजाम



**दुर्ग (ए)।** दुर्ग जिले में एक तेज रफ्तार हाइवा ने साइकिल सवार महिला को रौंद दिया। इससे महिला की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद हाइवा चालक मौके से भाग कर कहीं छिप गया। इधर गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाया और हाइवा चालक को गिरफ्तार कर हाइवा को जप्त किया। इसके बाद लोगों ने चक्काजाम खोला।

ठोलागांव निवासी रोहिला पटेल पति शिव कुमार पटेल (38) रविवार को साइकिल से अपने रिश्तेदार के यहां नारधा जा रही थी। वह जैसे ही भडेसर के पास पहुंची सामने से आ रहे तेज रफ्तार हाइवा ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। हाइवा के नीचे आ जाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। इधर गुस्साए लोगों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों ने महिला के बच्चों के लिए भरण पोषण और मुआवजे की मांग की। थोड़ी देर बाद मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने 15 हजार रुपए तात्कालिक सहायता देकर उनकी मांगों को आगे रखने का आश्वासन दिया इसके बाद लोगों ने जाम खोला। इस दौरान लगभग डेढ़ से दो घंटे तक प्रदर्शन और विरोध चलता रहा।

### पहले पिता ने छोड़ा अब मां का साया भी उठा

बताया जा रहा है कि रोहिला के तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। महिला के पति ने पहले ही उन्हें छोड़ दिया है। पति पहले ही छोड़ दिया था। रोहिला किसी तरह रोजी मजदूरी करके अपने बच्चों का पालन पोषण करती थी। महिला के मर जाने से इन बच्चों के सिर से मां का साया भी उठ गया है। इसलिए लोगों ने इन बच्चों की शिक्षा और पालन पोषण के लिए जिला प्रशासन से मांग की है।

## रतनपुर से गांजा लाकर शहर में खपाने आया युवक पकड़ाया

**बिलासपुर (ए)।** सरकंडा पुलिस ने रतनपुर से गांजा लाकर शहर में खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे युवक को पकड़ा है। आरोपित युवक के कब्जे से डेढ़ किलो गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सरकंडा थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने बताया कि शनिवार की शाम सूचना मिली कि एक युवक बंधवापारा के इमलीभाठा वांबे आवास गेट के पास गांजा बेचने ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर घेराबंदी कर मुखबिर के बताए हुलिए के युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम मनीष साहू(21) निवासी गांधी नगर रतनपुर बताया। तलाश के दौरान युवक के कब्जे से पुलिस ने डेढ़ किलो गांजा जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

एसपी पारुल माथुर ने बीते दिनों जिले में नारकोटिक सेल का गठन किया है। सेल में एक निरीक्षक और दो एसआई समेत आठ पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया है।

## मास्टर चाबी से वाहन चोरी करके सस्ते दाम में बेचने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** वैशाली नगर पुलिस ने मास्टर चाबी से वाहन चोरी करने वाले दो आरोपी एस सचिन उर्फजहर और किशन बंजारे को गिरफ्तार किया है। आरोपी कैंप 1 संग्राम चौक और जवाहर नगर के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों से 5 लाख रुपए कीमत की 7 बाइक और 2 मोपेड जब्त किया है। रविवार को दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि लावारिश हालत और घरों के बाहर खड़े वाहनों को चोरी करके उसे इंदिरा नगर कॉलेज के पीछे खंडहर में छिपा देते थे। इसके बाद ग्राहक तलाश करके सस्ते



दाम में बेच देते थे। पुलिस के मुताबिक मास्टरमाइंड सचिन उर्फ जहर तीन महीने पहले बालोद जेल से छूटा है। जबकि उसका दूसरा साथी तीन दिन पहले दुर्ग जेल से छूटा है। दोनों के खिलाफ 23 अपराध दर्ज हैं। दुर्ग, राजनांदगांव और बालोद में आरोपियों के खिलाफ चोरी, मारपीट और चाकूबाजी के केस दर्ज है। एएसपी संजय ध्रुव के मुताबिक आरोपी जहर उर्फ सचिन के खिलाफ वर्ष 2021 में भट्ठी थाने में राहगीर को चाकू मारने का आरोप के बाद फरार था। पुलिस ने मामले को खत्म कर दिया है। आरोपी का पता चलने पर मामले का खात्मा खोलकर जहर की गिरफ्तारी की गई।


Authorised For :
SOMANY
Wall & Floor Tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

नये लुक एवं वैरायटी में सागौन लकड़ी द्वारा निर्मित
अरिहंत फर्नीचर शो रुम | नमन सेल्स फर्नीचर शो रुम
20% डिस्काउंट के साथ उपलब्ध
• सागौन निर्मित इंडियन मॉडल, वॉल मॉडल, डी मॉडल गुजराती सोफा
• लकड़ी सोफा 9500/- से शुरू (वारंटी के साथ)
• लकड़ी पलंग हाई क्वालिटी के साथ
• स्टील आलमारी आटोमेटिक प्लांट द्वारा निर्मित, भट्ठी पेंट वाली
• कम्प्यूटर टेबल, ऑफिस टेबल, टेबिल टेबल कम्प्यूटर चेयर ऑफिस चेयर इत्यादि की वैरायटी
आजाद मार्केट, रिसाली (भिलाई मसाला उद्योग के पीछे), भिलाई, मो. 9424151009, 9301188428

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान हाई स्कूल के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

MemSaheb Ladies wear
JOCKEY UNDERWEAR IS OUR PASSION
JULIET
Shop No. 57, A Market, Sec-6 Bhilai
Om Prakash
9926004441, 0788-2284341

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

मिस एंड मिसेस लेडिस वेयर
• गाऊन • ब्रा. पेन्टी • नाईटी • ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

न्यू अप्सरा साड़ी सेन्टर
घाघरा, चुन्नी, कुर्ती, डिजाइनर साड़ियां सलवार सूट
सेल्स गर्ल की आवश्यकता है
शॉप 151, ए-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन-2284063

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### दुर्ग पुलिस ने फरार वारंटियों के विरूद्ध अभियान चला 51 स्थाई वारंटियों को किया गिरफ्तार

**भिलाई।** उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दुर्ग बी.एन. मीणा व्दारा शनिवार 12 फरवरी को पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को स्थाई वारण्टों की तामीली के निर्देश दिये गये थे। जिसके तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर संजय कुमार ध्रुव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण अनंत कुमार के पर्यवेक्षण एवं समस्त नगर पुलिस अधीक्षक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, उप पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में थाना/चौकी प्रभारियों व्दारा अपने थाना/चौकी के बल के साथ स्थाई वारण्टों की तामीली हेतु फरार वारण्टियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान कार्यवाही के अन्तर्गत थाना दुर्ग 4, पद्मनाभपुर से 3 थाना मोहन नगर से 7, थाना पुरानी भिलाई से 7, थाना कुम्हारी से 1, थाना नेवई से 3 थाना सुपेला, जामुल, छावनी से 4-4 थाना खुर्सीपार से 8, थाना अमलेश्वर एवं उतई से 2-2 तथा चौकी स्मृतिनगर से 2 तथा अन्य थानों से कार्यवाही की गयी । विभिन्न अपराधों के कुल 51 स्थाई वारण्टियों को 12 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया जाकर लंबित स्थाई वारण्ट की तामीली की जाकर गिरफ्तार आरोपियों को संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। अभियान कार्यवाही के तहत थाना दुर्ग में वर्ष 2001 में दर्ज अपराध के फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गयी एवं अन्य कई पुराने स्थाई वारण्ट को अभियान के तहत तामीली किया गया है।

### रिटायर कर्मियों को ससम्मान विदाई दी सेक्टर-6 सोसाइटी ने

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-आपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 भिलाई नगर में रविवार की दोपहर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें निर्धारित आयु पूरी कर 31 दिसंबर 2021 को बीएसपी की सेवा से निवृत्त हुए कुल 20 सदस्यों को विदाई दी गई। इस दौरान सभी सदस्यों का सम्मान किया गया और उन्हे सोसाइटी की ओर से अंतिम भुगतान का चेक व उपहार प्रदान किया गया। अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने सभी सेवानिवृत्त सदस्यों को सम्मानित करते हुए कहा कि वरिष्ठजन न सिर्फ भिलाई स्टील प्लांट बल्कि हमारी सोसाइटी की धरोहर हैं। भविष्य में भी इनका हमें मार्गदर्शन मिलता रहेगा। आयोजन में रिटायर कर्मियों में कुल 15 सदस्य उपस्थित थे। इनमें एल. पुनैया, मानकलाल साहू, उपेंद्र कुमार नायक, अब्दुल नासिर, डॉ. आरपी देवांगन, छन्नूराम बघेल, सुसान जेकब, सीएल परगनिहा, समिंदर कुमार, हरजीत बेदी, भास्कर भाई पटेल, लक्ष्मी नारायण, एमएल वर्मा, प्रभाकर और भोलाराम शामिल हैं। इन सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और अपने अनुभव साझा करते हुए सोसाइटी के प्रति आभार व्यक्त किया। सोसाइटी के संचालक पवन साहू ने भी इस मौके पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अमिताभ वर्मा, वीके वासनिक,धनंजय चतुर्वेदी केपी चन्द्राकार,जेकेगहिने तथा प्रतिनिधि शैलेश कुमार सिंह, तरुण कुमार ध्रुव और सुनील शर्मा उपस्थित थे। संचालन कार्यकारी प्रबंधक पीलाराम वर्मा ने किया और धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष इंदरजीत कौर ने व्यक्त किया।

### खुर्सीपार के युवाओं को मिला तोहफा

# विधायक देवेन्द्र की पहल पर बना आधुनिक सुविधाओं वाला जिम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। खुर्सीपार के वार्ड 45 बालाजी नगर में रविवार को सर्वसुविधायुक्त जिम खुला। भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की पहल पर क्षेत्र के युवाओं द्वारा की गई मांग आज पूरी हो गई। पूरे सात लाख रुपए की लागत से इस जिम का निर्माण किया गया। विधायक देवेन्द्र यादव ने रविवार को जिम का लोकार्पण किया। इस मौके पर क्षेत्र के युवाओं ने इस आधुनिक जिम के लिए विधायक देवेन्द्र यादव का आभार जताया।**




बता दें कि बालाजी नगर वार्ड में जिम की मांग यहां के युवा लंबे समय से कर रहे थे। इस मांग को लेकर यहां के युवा विधायक देवेन्द्र यादव के पास पहुंचे। विधायक ने इनकी बात सुनी और तत्काल इसकी स्वीकृति दी। विधायक की पहल पर इस जिम के निर्माण में 7 लाख रुपए खर्च किए गए। जिम में व्यायाम के लिए अत्याधुनिक इक्वीपमेंट रखे गए हैं। युवाओं के शारीरिक अभ्यास के लिए कई तरह से सामान रखे गए हैं।

रविवार को विधायक देवेन्द्र यादव ने इस जिम का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने इस जिम के लिए यहां के युवाओं को बधाई भी दी। इस जिम को वार्ड में स्थित भवन में शुरू किया गया। जिम का लोकार्पण करने पहुंचे विधायक देवेन्द्र यादव का यहां के युवाओं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया और इस तोहफे के लिए आभार जताया। इस अवसर पर जोन 4 अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, पार्षद जगदीश कुमार, शुभम झा, एम. गोपाल,पीताम्बर साहू,नागेंद्र सिंह तिवारी,निरंजन दलाई,रवि तिवारी,कोला राजू आद उपस्थित रहे।

#### क्रिकेट स्पर्धा का भी किया शुभारंभ

विधायक देवेन्द्र यादव ने आज छावनी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए उन्होंने खिलाड़ियों ने मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि करियर बनाने के लिए पढ़ाई के साथ ही खेल भी एक जरिया है। उन्होंने खिलाड़यों ने कहा कि जो भी करो पूरी लगन से करो, तभी सफलता मिलेगी। इस मौके पर आयोजन समिति द्वारा विधायक देवेंद्र यादव का अभिनंदन किया गया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर एमआईसी मेम्बर मन्नान गफ्फार,पार्षद इन्जीनियर सलमान, वार्ड पार्षद गिरिजा बंछोर आदि उपस्थित रहे।

## छत्तीसगढ़ के कलाकारों की प्रदर्शनी लगी मुंबई में, अनुराग बसु ने किया उद्घाटन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई सहित छत्तीसगढ़ के कलाकारों की प्रदर्शनी 'सहअस्तित्व' का आयोजन मुंबई की प्रतिष्ठित जहांगीर आर्ट गैलरी में किया गया है। 14 फरवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का शुभारंभ 8 फरवरी को भिलाई-छत्तीसगढ़ की देश-दुनिया में पहचान बन चुके प्रसिद्ध फिल्म निर्माता-निर्देशक अनुराग बसु एवं उनकी माता प्रसिद्ध रंगकर्मी दीपशिखा बसु ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने चित्र प्रदर्शनी को काफी सराहा व कलाकारों को शुभकामनाएं। इस प्रदर्शनी में रायपुर से कृष्ण दास के प्रकृति को समर्पित चित्र प्रदर्शित हैं।

वहीं खैरागढ़ से हुकुम लाल वर्मा के अमूर्त चित्र दर्शकों की ओर अपना ध्यान खींच रहे हैं। रायपुर से चंद्रपाल पंजारे के चित्रों में पुराने कपड़े (काथा) को एक कलात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है वहीं भिलाई से गिलबर्ट जोसेफ की अमूर्त के साथ मानव आकार को प्रयोगात्मक रूप से प्रस्तुत किया गया है। जहांगीर आर्ट गैलेरी में रोजाना दर्शक पहुंच रहे हैं और इन कलाकारों की कला को सराह रहे हैं।

## मुकेश चंद्राकर की उपस्थिति में हुआ कांग्रेस सदस्यता अभियान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।प्रगति नगर वार्ड क्रमांक30 कैम्प 1, भिलाई में शाम 7 बजे कांग्रेस का सदस्यता अभियान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुकेश चंद्राकर ने सदस्यता अभियान की बैठक में वार्ड में महिला, पुरुष एवं युवा कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति एवं सक्रियता की बहुत प्रशंसा करते हुए कहा कि आगे भी ऐसी ही सक्रियता जारी रखते हुए वार्ड में भारी संख्या में कांग्रेस सदस्य बनाना है।**

बैठक को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अरूण सिंह सिसोदिया ने संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि कांग्रेस ही गरीबों एवं मध्यम वर्गीय परिवारों की हितैषी है इस लिए हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों को कांग्रेस का सदस्य बनाकर कांग्रेस के हाथ मजबूत करने हैं, बैठक को जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष गिरी राव, मेरिक सिंह,पूर्व- पार्षद जी राजू,वार्ड अध्यक्ष संजय विश्वकर्मा एवं प्रशांत तिवारी, एस. वेंकट एवं उमर खान ने भी संबोधित किया।

बैठक में सर्वश्री कोसानाल सुपेला ब्लाक अध्यक्ष नंदकुमार कश्यप, जोहन सिन्हा, प्रभाकर जनबंधू, चिंता मणी,एल बालाकृष्णा,रकिबुर्रहमान, आदिनारायण, अमानत अली, नवीन कुमार, विनोद कुमार, अजय कुमार, रोहन, अनिल ठोसर, हीरा पाल, खूबसूरत अली दीपक, अमित द्विवेदी, प्रवीण तिवारी, धनंजय मेश्राम, जितेंद्र सिंह, विजय सिंह, दिलिप शेण्डे, श्रीमती रजनी कटनी, पिंकी महानंद, शेख जरीना, उषा बाई मोरी, सावित्री, रेशमा बेगम, रेखा बाई, मुमताज, शर्मिला गुप्ता, नैना मेश्राम, सुनीता गुप्ता, दीया यादव, सिंधु वानखेडे, शकुंतला रंगारी, महेंद्र कौर, चंद्रिका यादव, पार्वती यादव, ममता यादव, सोनम कौर, भुनेश्वर यादव, तुलसी, रजविंदर कौर, अमीना राजपूत, नीतू कौर, कमलजीत कौर, राधा देवी, सुमन, अनीता, प्रेमा भाई, ज्योति मिश्रा, बसंती, डी शीतल, आशा, शीला देवी, सरिता यादव, बबीता मांझी, कांति महानंद, मोहन बाई, जमुना बाई गुप्ता, आदि उपस्थित थे।

## गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने किया देवांगन सामुदायिक भवन में मंच का लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। संस्कार की शिक्षा सरकार नहीं, बल्कि संगठित समाज ही दे सकती है। किसी भी समाज का मुख्य आधार उनका संगठित होना होता है। संगठित समाज विकास कर सकता है। संगठन को मजबूत करना आज की आवश्यकता है।**



देवांगन समाज भी संगठित होकर शासन का प्रतिनिधित्व करें। शासकीय कर्मी अपने विभाग की योजना समाज को बताकर उनका लाभ दिलाए। सामाजिक कुरीतियों को दूर कर आगे बढना चाहिए। यह सामाजिक संगठनों के माध्यम से होना चाहिए। देवांगन समाज साहू-कुर्मी समाज की तरह प्रदेश में सुदृढ़ हो।

उक्त बातें गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने मुख्य अतिथि की आंसदी से दुर्ग ग्रामीण विस् क्षेत्र के नगपुरा में मां परमेश्वरी जयंती पर विधायक निधि से 5 लाख की लागत से बने देवांगन सामुदायिक भवन में खुला मंच का लोकार्पण करते हुए कहीं। आगे उन्होंने युवा शक्ति की व्यापार-उद्योग की ओर उन्मुख होने के लिए प्रेरित किया। बेरोजगार युवक, महिला स्वरोजगार चालू कर आत्मनिर्भर हो।

इसकी अध्यक्षता भूषण लाल देवांगन ने की। वहीं विशेष अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव, दुर्ग जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, जनपद सदस्य नन्दकुमार सेन व सरपंच भूपेंद्र रिगरी थे। इस अवसर समाज के पदाधिकारियों ने अतिथियों का शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी। वहीं बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता भी रखी गई थी। कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रतिभावान विद्यार्थियों, समाज के उत्कृष्ट लोगों का सम्मान किया। वहीं रंगोली स्पर्धा के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके समाज की महिलाओं व बच्चों ने विशाल कलश शोभा यात्रा निकाली। उसके बाद मां परमेश्वरी की पूजा-अर्चना कर समाज व प्रदेश के लोगों की खुशहाली के लिए कामना की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में बंशीलाल देवांगन, रोहित, रमेश, रामखिलावन, कृष्णा, गवेन्द्र लेखराम, ओंकार, चुन्नीलाल, रामविलास, राजू, भूपेंद्र, शिव , केशर, सुनीता, लिकेश्वरी, पूर्णिमा व तिलक देवांगन आदि का विशेष सहयोग रहा।

## रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब ने किया प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह आज बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ आशीर्वाद ब्लड बैंक परिसर में मनाया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या के रक्तवीरों ने रक्तदान कर कई जरूरत मंद मरीजों की जान बचाने का बड़ा ही सराहनीय कार्य किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ से अलग अलग जिलों से आए विभिन्न विधाओं के ख्याति प्राप्त जन मानस व्यक्तियो जिनमे कोरोना वायरस, डॉक्टर्स, मीडिया कर्मी, रक्तदान से जुड़े रक्त वीरों का सम्मान के अलावा सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाएं सेवक, फाउंडेशन नव दृष्टि फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर, फाउंडेशन, रक्तदान महादान, श्री साई नाथ जन सेवा समिति, श्री हनुमान भक्त युवा समिति, राजनांदगांव, रायपुर, कवर्धा, बिलासपुर, भाणुप्रतापुर, छात्र युवा मंच, राजनांदगांव, इंटरनेशन ह्यूमन राइट्स, ऐसे 150 से अधिक संस्थाओं का सम्मान रेड ड्रॉप के द्वारा किया गया।

आज के इस कार्यक्रम में बतौर अतिथि के रूप में अमित साहू प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो छग, संदीप साहू राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल तैलिक साहू महासभा अध्यक्ष तेलघानी विकास बोर्ड छ ग शासन, वीरेंद्र सतपति पूर्व सीएसपी, डॉ विकास अग्रवाल डायरेक्टर सन साइन हॉस्पिटल, वाई राजेंद्र राव मायरू संगवारी, डॉ संजय वालवेंद्रे दुर्ग हॉस्पिटल, रमेश साहू प्रदेश सलाहकार साहू समाज छत्तीसगढ़, लखन लाल साहू प्रदेश उपाध्यक्ष, श्रीमती तुलसी साहू प्रदेश उपाध्यक्ष साहू समाज छत्तीसगढ़, अजय भसीन महामंत्री चेंबर ऑफ कॉमर्स, उपस्थित रहे के द्वारा सभी लोगो का सम्मानित किया गया।

### पूर्व सीएम रमन सिंह 5वीं बार होंगे बाबा की बारात में शामिलः दया के आमंत्रण को स्वीकारा, बोले-

# प्रदेश में बाबा की बारात ने बनाई पहचान इस साल भी भव्य होगा आयोजन

- बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष व पार्षद दया सिंह ने पूर्व सीएम रमन सिंह को दिया भोले बाबा की बारात का आमंत्रण
- अब तक चार बार के आयोजन में पूर्व सीएम रमन हो चुके हैं शामिल
- इस बार भी भिलाई आने का न्यौता को स्वीकारा
- 13 वर्षों से भिलाई में भव्य रूप से निकल रही भोले बाबा की बारात
- आयोजन समिति भोले बाबा की बारात की तैयारी में जुटी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का भिलाई से अलग लगाव रहा है। भिलाई में निकलने वाली भोले बाबा की बारात में शामिल होते हैं। इस साल भी भोले की बारात में शरीक होंगे। उन्होंने आमंत्रण कार्ड को स्वीकार किया। बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष व भाजपा पार्षद दया सिंह ने पूर्व सीएम रमन को भोले बाबा की बारात के लिए आमंत्रण कार्ड दिया।**



पहले तो रमन सिंह ने दया की पीठ थपथपाई। कहा- इस तरह के आयोजन कर भोले की भक्ति और आस्था को जन-जन पहुंचाने का बढ़िया कार्य बोल बम समिति कर रही है। आने वाले वर्षों में यह आयोजन बहुत बढ़िया होगा। भोले की बारात में पहले भी शामिल होते रहा हूं। आने वाले वर्षों में इसकी भव्यता प्रदेशभर में रहेगी। रमन ने दया से यह भी कहा कि, भोले की बारात की पहचान अब प्रदेशभर में हो गई है। दया सिंह को रमन ने आशीर्वाद दिया। पार्षद बनकर समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़िया काम करने के लिए कहा है।

#### दया के हर आमंत्रण को पूर्व सीएम ने स्वीकारा

आपको बता दें कि पूर्व सीएम रमन सिंह बोल बम समिति के अध्यक्ष दया सिंह के हर आमंत्रण को स्वीकारा है। वो चाहे भोले की बारात हो या फिर मां दुर्गा का दरबार। नवरात्रि में दया सिंह की समिति दुर्गोत्सव करती है। तब भी रमन सिंह आयोजन में शामिल होकर माता से आशीर्वाद लेते हैं। वहीं चार बार भोले की बारात में शामिल हो चुके हैं। माना जा रहा है कि इस बार भी हथखोज से निकलने वाली 1 मार्च को महाशिवरात्रि पर भोले बाबा की बारात में शामिल होंगे।

## आस्था संस्था का दिव्यांग निर्धन कन्या विवाह का आयोजन 27 फरवरी को भिलाई में

श्रीकंचनपथ न्यूज




**भिलाई।** आशा बहुउद्देशीय सामाजिक संस्था वर्ष 2003 से सतत दिव्यांग सेवा के साथ-साथ वृद्धजनों के लिए सतत कार्य कर रही है इसी परिपेक्ष में संस्था दिव्यांग के साथ-साथ निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन प्रतिवर्ष करती है इस वर्ष 27 फरवरी को भव्य 151 वर वधु दिव्यांग जोड़ों का विवाह का आयोजन नेहरू नगर राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में आयोजित होना है इस भव्य दिव्य आयोजन को लेकर बड़ी तैयारी की जिम्मेदारी सहयोगी संस्थाओं भारत जन कल्याण परिषद-अग्रसेन जन कल्याण समिति सेक्टर 6-श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति नेहरू नगर-माहेश्वरी सभा भिलाई-नेहरू नगर एसोसिएशन भिलाई-गुरु नानक सर नेहरू नगर-वन बंधु परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजन को लेकर आज एक उद्यान में सभीआयोजन समिति के सदस्यों ने सामूहिक दिव्यांग निर्धन विवाह समारोह को सफल बनाने के लिए बैठक की बैठक की शुरुआत में भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एम-के त्रिपाठी समाज सेवी एवं अनिल डागा श्री सारडा वह एल्डरमैन रत्ना नामदेव द्वारा किया गया तदुपरांत आयोजन की शुरुआत वंदे मातरम राष्ट्रीय गान से हुई इस अवसर पर आयोजन का संचालन कर रहे अनिल डा गाने सामूहिक विवाह पर अपने विचार रखते हुए कहा हम सब सामाजिक संस्थाएं-दिवागय निशक्त जनों के लिए सतत सेवा के उद्देश को लेकर कार्य कर रही है इस वर्ष का आयोजन राष्ट्रीय स्तर का है।

क्योंकि इसमें हरियाणा पंजाब मध्य प्रदेश बिहार यूपी ओडिशा सभी प्रांतों से लगभग सभी की भागीदारी सामूहिक विवाह समारोह में होगी जिसको लेकर आस्था संस्था सतत वर वधु के जोड़े बनाने का कार्य निरंतर प्रकाश ग्राम सरिता शर्मा एवं श्रीमती रत्ना नारमदेव के माध्यम से हो रहा है और विवाह समारोह को भव्य दिव्य बनाने के लिए सहयोगी संस्थाएं सतत कार्य कर रही है आज की बैठक में विवाह समारोह को भव्य दिव्य बनाने के लिए सारी तैयारी का दर्जा दिया गया। और सभी संस्थाओं को उनके जिम्मेदारी वहन करने के लिए कार्य सौंपा गया इस अवसर पर भारत विकास परिषद के प्रमुख अनिल डागा शारदा दीक्षित एम एम त्रिपाठी द्वारा आस्था संस्था के सदस्यों अध्यक्षप्रकाश गेडामआस्था संस्था के संयोजक मनोज ठाकरे एवं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती रत्ना नारमदेव-दिव्यांग प्रकोष्ठ की प्रभारी सरिता शर्मा एवं प्रचार प्रसार अभियान के प्रमुख संजय शर्मा एवं जितेंद्र असनानी व पंजीयन प्रभारी अरुण शर्मा जी को भारत विकास परिषद का प्रतीकात्मक गमछा पहनाकर सम्मान किया गया इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष प्रकाश ग्राम ने बताया की संस्था विगत 20 वर्षों से अन्य जिलों के निशक्तजन वर वधू का सम्मेलन कर प्रतिवर्ष 50 से 7 जोड़ों का सामूहिक विवाह निरंतर करते आ रही है इस वर्ष का आयोजन नेहरू नगर में होगा जिसको लेकर हमने सारी तैयारी कर रखी है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950